

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 18 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -42 ■ अंक-170 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## मालवाहक की टक्कर से दो भाइयों की मौत

**बिलासपुर,18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने घर के सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा बिल्हा थाना क्षेत्र के भटगांव में हुआ है। तीनों लोग घर के सामने खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मालवाहक वाहन वहां से गुजरा और अनियंत्रित होकर तीनों को रौंद दिया। हादसे में दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मालवाहक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिल्हा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है।

## फ्लाइट में यात्रियों के बीच जमकर चले लात-घूंसे

**ढाका,19 सितंबर।** विमान बांग्लादेश एयरलाइंस की लंदन से ढाका जा रही फ्लाइट में दो यात्रियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हुई और देखते ही देखते मामला लात-घूंसों तक पहुंच गया। फ्लाइट में हुई इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लाइट के दौरान दो यात्रियों के बीच विवाद शुरू हुआ। शुरुआती बहस जल्द ही हाथापाई में बदल गई। दोनों एक-दूसरे पर लगातार लात और घूंसे बरसाने लगे। घटना के दौरान फ्लाइट में मौजूद अन्य यात्रियों ने दोनों को रोकने और मामला शांत कराने की कोशिश की। हालांकि, कुछ समय तक दोनों के बीच मारपीट जारी रही। वायरल वीडियो में एक यात्री काफी आक्रामक नजर आ रहा है।



इस दौरान उसकी टी-शर्ट भी फट गई। दो यात्रियों के बीच अचानक हुई हिंसक झड़प से विमान में मौजूद अन्य यात्रियों के बीच डर और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ यात्रियों ने दोनों को अलग करने की कोशिश की, लेकिन स्थिति तुरंत काबू में नहीं आई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पायलट भी यात्रियों के पास पहुंचा और स्थिति को शांत कराने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद दोनों यात्रियों को शांत कराया गया और फ्लाइट की स्थिति सामान्य हुई। घटना को लेकर बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस के जनरल मैनेजर महबुबूद्दीन अहमद से सवाल किया गया। उन्होंने कहा, "मुझे इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन जल्दी ही पता करता हूं।" एयरलाइन की ओर से घटना को लेकर फिलहाल विस्तृत जानकारी या आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। फ्लाइट में यात्रियों की मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और घटना को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

## नीट पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### एनटीए आफिस का दौरा करेंगे जज, परीक्षा सिस्टम से जुड़ी व्यवस्थाएं देखेंगे

**नई दिल्ली,18सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट में नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक पर सख्त रूख अख्तियार करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की तैयारियों और परीक्षा व्यवस्था पर अहम टिप्पणी की। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वो एनटीए कार्यालय का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान परीक्षा के आयोजन के लिए तैयार किया गया सिस्टम जमीन पर किस तरह काम कर रहा है और परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं को देखेंगे। देश के शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा कि एनटीए कार्यालय का दौरे के दौरान परीक्षा के आयोजन के लिए बनाए गए सिस्टम की वास्तविक स्थिति देखी जाएगी। साथ ही यह भी जांचा जाएगा कि परीक्षा कराने के लिए एनटीए के पास पर्याप्त स्टाफ और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं मौजूद हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को अपने कामकाज और परीक्षा प्रणाली में किए जा रहे सुधारों की प्रगति की जानकारी अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया है। इससे आम लोग भी देख सकेंगे



कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और उन पर कितना अमल हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हाई-पावर्ड कमेटी की सिफारिशें केवल रिपोर्ट तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इन सिफारिशों को वास्तविक रूप से लागू किया जाना चाहिए, ताकि परीक्षा प्रणाली में जरूरी सुधार जमीन पर दिखाई दें। कोर्ट के इन निर्देशों का मकसद परीक्षा प्रणाली को अधिक व्यवस्थित और भरोसेमंद बनाना तथा हाई-पावर्ड कमेटी की सिफारिशों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

## मूडीज ने भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7% किया

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती पर अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भरोसा जताया है। मूडीज ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। इससे पहले एजेंसी ने 6 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जताया था।

मूडीज के मुताबिक 2026 के पहले छह महीनों में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.2 फीसदी रही, जबकि 2025 में पूरे साल की वृद्धि दर 7.3 फीसदी थी। एजेंसी ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग, बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च, निजी निवेश में सुधार और सेवा क्षेत्र की मजबूती ने अर्थव्यवस्था को सहारा दिया है। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार शुल्क और मध्य-पूर्व की परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपेक्षाकृत सीमित असर दिखाई दिया है।

**पहले छह महीनों में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.2%, घरेलू मांग और सरकारी निवेश से अर्थव्यवस्था को मजबूती**

मूडीज का नया अनुमान अन्य प्रमुख संस्थाओं के अनुमान से अधिक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जुलाई में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.4 फीसदी, जबकि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने जून में 6.6 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने जून में अपना अनुमान 6.9 से घटाकर 6.6 फीसदी किया था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 31 अगस्त के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.8 फीसदी रही। इस दौरान नाममात्र जीडीपी में 10.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) की वृद्धि दर भी 8.2 फीसदी रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7.1 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक बैंकिंग एवं वित्त, रियल एस्टेट, आईटी और अन्य व्यावसायिक सेवाओं जैसे क्षेत्रों में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। मूडीज के अनुसार घरेलू उपभोग और सरकारी बुनियादी ढांचा निवेश फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख विकास कारकों में बने हुए हैं।

## निठारी कांड वाले सुरेंद्र कोली ने सुसाइड किया

**नैनीताल,18 सितंबर।** बहुचर्चित निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली ने फांसी लगा ली है। वह हरिद्वार के उत्तरी क्षेत्र भूपतवाला इलाके में मंदिर के सामने चाय की दुकान में फंदे से लटका मिला। तीन दिन पहले ही उसने वह दुकान खोली थी। प्रारंभिक जांच में सुसाइड की वजह पारिवारिक क्लेश बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि निठारी कांड में सुप्रीम कोर्ट ने कोली को निर्दोष बताते हुए बरी किया था। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र कोली पिछले कुछ महीनों से हरिद्वार में रह रहा था। सुरेंद्र कोली मूल रूप से अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण में मंगरुखाल गांव का रहने वाला था। आज सुबह हरिद्वार शहर कोतवाली की सप्त ऋषि पुलिस चौकी पर सूचना मिली कि सप्त सरोवर रोड लालमाता मंदिर के सामने सुरेंद्र कोली ने चाय की दुकान में फांसी लगा ली है।प्रथम दृष्टया पुलिस पारिवारिक क्लेश को आत्महत्या की वजह मान रही है। हालांकि, आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई है। सुरेंद्र कोली निठारी कांड का आरोपी था। हरिद्वार में पुलिस अधिकारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि कोली ने कुछ दिन पहले ही चाय का खोखा लगाया था। अल्मोड़ा के मंगरूखाल गांव का रहने वाला कोली पिछले कुछ महीनों से हरिद्वार में रह रहा था। चाय का खोखा किराए पर लेने से पहले वह सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था। राणा ने बताया कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अल्मोड़ा में कोली के परिवार को सूचित कर दिया गया है और उसकी मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। 11 नवंबर साल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने निठारी कांड के दोषी सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया था। 2006 में निठारी हत्या व दुष्कर्म कांड सामने आया था। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा सुनाई थी। 2015 में न्यायालय ने फांसी की सजा में राहत देते हुए उम्रकैद सुनाई थी।



दिसंबर 2006 में नोएडा के सेक्टर 31 में कुख्यात D-5 कोठी से कई बच्चों के अवशेष मिले थे। इसमें पुलिस ने कोठी के नौकर सुरेंद्र कोली और मालिक मनेंद्र सिंह पंढेर को गिरफ्तार किया था। इस सनसनीखेज घटना ने सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरे देश को झकझोर कर दिया था। सुरेंद्र कोली पर हत्या, रेप और अमानवीय कृत्यों के 16 मामले दर्ज हुए थे। इन सभी मामलों में उसे मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि फिर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों में कोली को निर्दोष करार देकर रिहा कर दिया था। गौरतलब है कि इस मामले के मुख्य आरोपी पंढेर को पहले ही सभी मामलों में बरी किया जा चुका था।

## धर्म सिर्फ बुजुर्गों के लिए नहीं: भागवत

**उज्जैन,18 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि धर्म इंसान के पूरे जीवन में साथ रहता है और यह सिर्फ़ बुढ़ापे तक सीमित नहीं है। उन्होंने मध्य प्रदेश के उज्जैन में 'युवा धर्म संसद' कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं। युवाओं के धर्म के विचार से जुड़ने पर खुशी ज़ाहिर करते हुए भागवत ने कहा कि जब मैंने 'युवा धर्म संसद' के बारे में सुना, तो मुझे यह जानकर अच्छा लगा कि युवा 'धर्म' के बारे में सोच रहे हैं। आजकल ऐसी बातें कम ही सुनने को मिलती हैं। जब भी धर्म की बात होती है, तो लोग कहते हैं कि यह बुढ़ापे की चीज़ है। भागवत ने पवित्र ग्रंथों के बारे में आम धारणाओं पर बात करते हुए कहा कि गीता और रामायण को रिटायरमेंट के बाद पढ़ने वाली किताबें माना जाता है, लेकिन यह बिल्कुल सच नहीं है। धर्म जीवन की शुरुआत से अंत तक रहता है, और सब कुछ उसी के अनुसार चलता है। उन्होंने आगे कहा कि आप मानें या न मानें, कुछ चीजें नियमों से चलती हैं... जब कोई व्यक्ति अहंकार में आकर सोचता है कि सब कुछ उसके कंट्रोल में है और उसकी मर्जी से होना चाहिए, तो वह इस गलतफहमी में पड़ जाता है कि चीजें वैसी ही होंगी जैसा वह चाहता है। लेकिन असल में, ऐसा नहीं होता है। भागवत ने धर्म को सही मायने में समझने के लिए पहले से बनी-बनाई धारणाओं को छोड़ने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने साफ़ किया कि मैं आपसे यह नहीं कह रहा हूँ कि आप अपने मन को खाली कर दें ताकि मैं उसमें अपने विचार भर सकूँ। यह ज्ञान मेरा नहीं है। लेकिन मैं यह कह रहा हूँ कि अगर हम धर्म को समझना चाहते हैं, तो हमें सबसे पहले उन कुछ धारणाओं से खुद को मुक्त करना होगा जो पहले से ही हमारे मन में बैठी हुई हैं।उन्होंने फिर से कहा कि धर्म कोई ऐसी चीज़ नहीं है जो सिर्फ़ बुढ़ापे के लिए हो। धर्म सृष्टि की शुरुआत से ही मौजूद है और सृष्टि के अंत तक रहेगा। सब कुछ उसी के अनुसार काम करता है। मेरे लिए, मेरा धर्म मेरे जन्म से ही तय हो जाता है और मेरी मृत्यु तक चलता रहता है, क्योंकि धर्म ही सभी खुशियों का कारण है।



## भूपेश बघेल को हाईकोर्ट से झटका, पाटन चुनाव याचिका खारिज करने की अर्जी नामंजूर

**बिलासपुर,18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के पाटन विधानसभा चुनाव 2023 से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से दायर उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की चुनाव याचिका को शुरुआती स्तर पर ही निरस्त करने की मांग की गई थी। 17 सितंबर को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश जारी किया। विजय बघेल ने पाटन विधानसभा चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की है। याचिका में चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सहित कई आरोप लगाए गए हैं। भूपेश बघेल की ओर से चुनाव याचिका को प्रारंभिक स्तर पर ही समाप्त करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 11 के तहत आवेदन पेश किया गया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने मामले में आदेश सुनाने के लिए 17 सितंबर की तारीख तय की थी। कोर्ट ने भूपेश बघेल की इस अर्जी को खारिज कर दिया। इसका सीधा असर यह है कि विजय बघेल की चुनाव याचिका अब प्रारंभिक स्तर पर समाप्त नहीं होगी और मामले में आगे की न्यायिक प्रक्रिया जारी रहेगी। इस मामले में पिछली सुनवाई 10 सितंबर को हुई थी। उस दौरान याचिकाकर्ता विजय बघेल और उनके गवाह सौरभ दुबे साक्ष्य दर्ज कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट पहुंचे थे। हालांकि, भूपेश बघेल की ओर से दाखिल आवेदन के कारण उस दिन साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी थी।

## ममता बनर्जी को मिला फुटबॉल खिलाड़ी का सिंबल

### पार्टी का भी नया नाम; TMC के बागी गुट को लिफाफा

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुटों को चुनाव आयोग की तरफ से चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट का नाम 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' होगा। वहीं, उन्हें चुनाव चिह्न के तौर पर फुटबॉल खिलाड़ी मिला है। अरूप रॉय के नेतृत्व वाले टीएमसी के बागी गुट का नाम डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस दिया गया है। इस गुट को लिफाफा चुनाव चिह्न मिला है। इससे पहले चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुटों को झटका देते हुए टीएमसी के सिंबल को फ्रिज कर दिया था। इसके बाद अब आगामी उपचुनावों में दोनों ही गुट अपनी-अपनी पार्टी के नए नाम और निशान पर चुनाव लड़ेंगे। चुनाव आयोग के पास तीन विकल्प जमा करने के बाद अब आयोग ने दोनों गुट को नए सिंबल का इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है। इससे पहले आयोग ने गुरुवार को ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और विधायक ऋतब्रत बनर्जी की अगुवाई में बागी हुए गुट को आगामी उपचुनावों में टीएमसी के नाम और सिंबल का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी थी।

चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी और अरूप रॉय के नेतृत्व वाले दोनों गुटों के नेताओं का पक्ष सुनने के बाद गुरुवार रात



जारी अपने अंतरिम आदेश में कहा कि इस मामले में 'चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश 1968' के प्रावधानों के तहत आयोग की ओर से ठोस फैसला लिए जाने की आवश्यकता है। आयोग ने कहा कि फैसला होने तक कोई भी गुट तृणमूल कांग्रेस के नाम या पार्टी को आरक्षित 'जोड़ा फूल' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल नहीं कर सकता।

आयोग के इस फैसले को ममता के लिए झटके के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले हाथ से बनाया गया 'जोड़ा फूल' चुनाव चिह्न 1998 में पार्टी की स्थापना के बाद से उसकी पहचान रहा है। मई में विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के दो तिहाई से अधिक विधायक बागी हो गए। बाद में बगावत संसद तक पहुंच गई थी। जून में 58 बागी विधायकों ने ममता खेमे के उम्मीदवार सोवनदेब चट्टोपाध्याय के बजाय पार्टी से निकाले गए नेता ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता चुना और विधानसभा अध्यक्ष से मान्यता भी हासिल कर ली। पांच दिन बाद टीएमसी की वरिष्ठ नेता रहीं काकोली घोष दस्तीदार की अगुवाई में 20 लोकसभा सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) नाम की एक गुमनाम पार्टी का दामन थाम लिया और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले NDA को समर्थन देने का ऐलान कर दिया।

## खारून नदी में डूबने से युवक की मौत

**दुर्ग,18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में खारून नदी में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां एनीकेट पार करते समय एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को नदी से बाहर निकाला और पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है। यह पूरा मामला रानितराई थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटन के ओदरागहन का है। मृतक की पहचान धमतरी जिले के ग्राम तर्रागोंदी निवासी सुरेंद्र कुमार यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर की रात लगभग 7 बजे सुरेंद्र बाइक से खारून नदी में एनीकेट पार कर रहा था, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण सुरेंद्र गिर गया और डूब गया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

## सामान्य प्रसव के जरिए महिला ने 5 किलो की बच्ची को जन्म दिया

धमतरी,18 सितंबर। धमतरी जिला अस्पताल में एक असामान्य प्रसव का मामला सामने आया है। बालोद जिले के ग्राम सरबदा निवासी मनीषा साहू ने सामान्य प्रसव के जरिए करीब 5 किलोग्राम वजन की नवजात बच्ची को जन्म दिया है। अस्पताल में सामान्य प्रसव से इतने अधिक वजन की बच्ची के जन्म का यह पहला मामला बताया जा रहा है। प्रसव के बाद मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय निगरानी में हैं। बच्ची के जन्म के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। पिता रामेश्वर साहू ने अपनी दूसरी बेटी का नाम तृषा रखा है। मनीषा साहू को प्रसव के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रागिनी ठाकुर की निगरानी में उनका सामान्य प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद जब नवजात का वजन किया गया तो उसका वजन करीब 5 किलोग्राम पाया गया। सामान्य तौर पर नवजात शिशुओं का वजन इससे काफी कम होता है। ऐसे में इतने अधिक वजन की बच्ची का सामान्य प्रसव से जन्म होना अस्पताल के चिकित्सकों के लिए भी विशेष मामला रहा। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तोमेश श्रीमाली ने बताया कि जिला अस्पताल में करीब 5 किलोग्राम वजन के नवजात का सामान्य प्रसव से जन्म का यह पहला मामला है। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर नवजात का वजन करीब 2.50 से 3 किलोग्राम के आसपास होता है। इससे अधिक वजन वाले नवजात के मामलों में प्रसव के दौरान अतिरिक्त चिकित्सकीय निगरानी की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, मनीषा के मामले में प्रसव सामान्य तरीके से सफलतापूर्वक कराया गया। प्रसव के बाद मां और बच्ची दोनों की स्थिति सामान्य है। चिकित्सकों की टीम दोनों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रख रही है। मनीषा के मामले में चिकित्सकों के अनुसार उन्हें ऐसी कोई बीमारी नहीं है। प्रसव के बाद नवजात बच्ची भी स्वस्थ है। फिलहाल मां और बच्ची दोनों चिकित्सकीय निगरानी में हैं। मनीषा और रामेश्वर साहू की यह दूसरी संतान है। उनकी पहली संतान भी बेटी है। दूसरी बार भी बेटी के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल है। पिता रामेश्वर साहू ने नवजात बेटी का नाम तृषा रखा है। रामेश्वर ने बताया कि बेटी के स्वस्थ जन्म से पूरा परिवार खुश है। खास बात यह रही कि बच्ची का जन्म सामान्य प्रसव से हुआ, जिससे परिवार की खुशी और बढ़ गई। अस्पताल में भी बच्ची के अधिक वजन के साथ सामान्य प्रसव होने को लेकर चिकित्सकों के बीच चर्चा रही।



## 45 दिन से बिजली और जल संकट! बिना नहाए कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

**मुंगेली,18 सितंबर।** जिले के ग्राम पंचायत डोड़ा के ग्राम डोड़ा में पिछले करीब 45 दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले विद्युत विभाग द्वारा 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह ट्रांसफार्मर महज एक दिन बाद ही जल गया। इसके बाद गांव में एक बार फिर बिजली संकट गहरा गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, बिजली बंद होने से पेयजल, कृषि कार्य और रोजमर्रा के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए करीब 2 से 3 किलोमीटर दूर दूसरे गांव तक जाना पड़ रहा है। वहीं बिजली नहीं होने से किसानों को कृषि कार्यों में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली और पेयजल संकट की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि समस्या की शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों में से कुछ ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या के चलते वे नहाए तक नहीं थे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली बंद होने से पानी की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है, जिसके कारण रोजमर्रा के कामों के साथ व्यक्तिगत जरूरतों के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीण अपनी परेशानी लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे और जल्द समाधान की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन मौजूदा समय में लोगों के घरों तक योजना का पानी नहीं पहुंच रहा है। बिजली संकट के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित होने की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। ऐसे में एक ओर जहां ग्रामीणों को पेयजल के लिए 2 से 3 किलोमीटर दूर दूसरे गांव तक जाना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत घरों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था भी प्रभावित बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बिजली के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था को भी जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके अलावा विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया.

# 1.51 लाख 'आशीर्वाद के दीयों' से जगमगाया कबीरधाम, सेवा और संकल्प की रोशनी से जिला रोशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा, 18 सितंबर। कबीरधाम जिले में गुरुवार की शाम सिर्फ दीये नहीं जले, बल्कि सेवा, समर्पण और संकल्प की रोशनी भी जगमगाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जिलेभर में लगभग 1 लाख 51 हजार 'आशीर्वाद का दीया' जलाया गया। कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया। हजारों दीयों से सजी रंगोली ने मैदान की भव्यता बढ़ाई, वहीं आकाश दीपों के एक साथ आसमान में छोड़े जाने से पूरा वातावरण रोशनी और उत्साह से भर उठा। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की संकल्पित जनसेवा के प्रति आमजन के आभार, शुभाशीष और आशीर्वाद का प्रतीक है। 'आशीर्वाद का दीया' से कबीरधाम के लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर अपनी भावनाओं व को रोशनी के रूप में अभिव्यक्त किया है। यह अभियान सेवा, समर्पण और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा की जयंती का पावन अवसर भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा के संकल्प की पूर्णता 7 अक्टूबर को होने जा रही है। इस अवसर पर जिलेवासी घर-घर दीये जलाकर प्रधानमंत्री के प्रति अपना आभार व्यक्त कर रहे हैं और उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, एसपी जितेंद्र कुमार यादव, जिपं सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं तथा स्काउट-गाइड के छात्र उपस्थित थे।

## ग्राम सांकरा में जला 'आशीर्वाद दीप', प्रधानमंत्री मोदी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उतई, 18 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम सांकरा के गणेश पंडाल एवं दाईहान प्रांगण स्थित भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में 'आशीर्वाद दीप' प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उपस्थित जनों ने उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर भाजयुमो अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच रवि सिंगौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर आशीर्वाद दीप जलाकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि ऐसे अवसर समाज में सेवा, संस्कार और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं एवं ग्रामवासियों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

कार्यक्रम में शुभम जांगड़े, पंच संजय सिंगौर, पंच तिहारु बघेल, कामता सिंगौर, ओमप्रकाश सिंगौर, बूथ अध्यक्ष छोटू यादव, बूथ अध्यक्ष देवरथ सिंगौर, लोकेन्द्र सिंगौर, कांता सिंगौर, राजकुमार सिंगौर, संदीप सिंगौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर दीप उत्सव मना कर जन्मदिन की बधाई दी गई



उतई, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रदेश के सबसे बड़े वृत्ता कार सहकारी सोसायटी उतई में प्रधि, अध्यक्ष एवं सोसायटी प्रबंधक की नेतृत्व में सैकड़ों दीप जलाकर सोसायटी परिसर को जगमगा दिया गया। इस अवसर पर समिति के अधिकारी कर्मचारी एवम सोसायटी के सदस्य एवं किसान, जन प्रतिनिधियो ने अपने हाथों से दीप जलाकर माननीय प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन की बधाई प्रेषित की इस अवसर पर सोसायटी प्रबंधक गिरधर सोनी, खोवा लाल, गोविन्द साहू, गजेंद्र, मनीष यादव, पार्षद लक्ष्मी नरायण, साहू, भाजपा नेता हरीश यादव, घनश्याम चंद्राकर, अश्वनी वर्मा, शीतला ठाकुर जयंत साहू, कांति साहू, पहलाद साहू, चन्द्रकला कांकड़े, पूरण साहू, बिजेंद्र कोसरे, शंकर यादव, आदी शामिल रहे

### दाऊ उत्तम साव की पुण्यतिथि पर 19 को सम्मान समारोह व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

उतई, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ साहू संघ के संस्थापक अध्यक्ष, समाज सुधारक, आयुर्वेदाचार्य, न्यायशील एवं कुशल संगठनकर्ता तथा समाज रत्न पूज्य दाऊ उत्तम साव जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 19 सितंबर 2026, शनिवार को ग्राम चिरपोटी, में पुण्य स्मरण दिवस, सम्मान समारोह एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों के अनुसार इस अवसर पर दाऊ उत्तम साव जी के सामाजिक एवं समाज सुधार के कार्यों का पुण्य स्मरण किया जाएगा। साथ ही दुर्ग जिले के तहसील अध्यक्षों, दुर्ग ग्रामीण तहसील के परिक्षेत्रीय अध्यक्षों, पत्रकारों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ताम्रध्वज साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प कला बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन दीपक साहू, महामंत्री प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ राजेश साहू, उपस्थित रहेंगे।



### डोडा-अफीम की अवैध बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। डोडा-अफीम की अवैध बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे आरोपी को स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 826 ग्राम डोडा एवं 7.48 ग्राम अफीम, घटना में प्रयुक्त ओप्पो कंपनी का मोबाइल तथा बिक्री की नगदी रकम 1200 रुपए जब्त की गई है स्मृति नगर चौकी प्रभारी अमित आनंद ने बताया कि स्मृतिनगर चौकी पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति डी-मार्ट स्मृतिनगर के पास मादक पदार्थ डोडा एवं अफीम बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश कर रहा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर घेराबंदी की मौके पर संदिग्ध व्यक्ति से नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम राजा सिंह (38 साल ) निवासी आर्यनगर कोहका बताया तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो पैकेट में कुल 826 ग्राम डोडा तथा एक पैकेट में 7.48 ग्राम अफीम, घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं नगदी रकम बरामद की गई आरोपी के विरुद्ध धारा 15, 18, 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।



### कैब चालक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हाउसिंग बोर्ड चरोदा में शराब पीने के दौरान मजाक करने की बात को लेकर हुए विवाद में कैब चालक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए किचन में रखे सब्जी काटने के धारदार हथियार से कैब चालक के पेट में कई बार वार कर दिया शिकायत पर पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने आरोपी अविनाश मगरवंशी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त खून लगा हथियार जब्त कर लिया है पुरानी भिलाई टीआई विजय यादव ने बताया कि रात करीब 1.30 बजे की है कैब चालक डी. अनिवेश राव, हाउसिंग बोर्ड चरोदा निवासी दुर्गेश पनागर के परिवार को उनके घर छोडने गया था दुर्गेश ने उसे खाना खाने के लिए रुकने को कहा वहीं विवाद हो गया।



# पुलिस ने 3162 म्यूल खातों की पहचान 257 लोगों की गिरफ्तारी की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 18 सितंबर। साइबर ठगी के पैसों के बड़े खेल को दुर्ग पुलिस ने खुलासा करते हुए 3, 162 म्यूल खातों की पहचान कर कुल 63 एफआईआर में 257 गिरफ्तारियां की है वहीं विभिन्न साइबर ठगी एवं ऑनलाइन सट्टा प्रकरणों से संबंधित कुल 2.75 करोड़ रुपए की डिस्प्यूट राशि पर होल्ड (फ्रीज) लगाकर धनराशि के आगे हस्तांतरण एवं निकासी को रोकने की कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी एवं ऑनलाइन सट्टे से संबंधित मामलों में आरोपी ने अवैध धनराशि के लेन-देन एवं हस्तांतरण के लिए म्यूल बैंक खातों का उपयोग किया जाता है। दुर्ग पुलिस ऐसे बैंक खातों की पहचान के लिए प्राप्त शिकायतों, बैंकिंग लेन-देन, केवाईसी दस्तावेज, यूपीआई ट्रांजेक्शन एवं उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों का लगातार विश्लेषण किया जा रहा है। तकनीकी एवं वित्तीय विश्लेषण के आधार पर अब तक कुल 3, 162 म्यूल बैंक खातों की पहचान की गई है इन में से 1, 668 खातों के संबंध में 63 एफआईआर में वैधानिक कार्रवाई की जा चुकी है। इन प्रकरणों में अब तक कुल 257 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अतिरिक्त 578 बैंक खातों के संबंध में सत्यापन इस्तगासा की कार्रवाई की गई है इन खातों से संबंधित खाताधारकों एवं उपलब्ध बैंकिंग जानकारी का परीक्षण किया जा रहा है। वहीं वर्तमान में 916 म्यूल बैंक खाते लंबित हैं इन खातों से संबंधित बैंकिंग लेन-देन, केवाईसी, मोबाइल नंबर, यूपीआई एवं अन्य उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण कर खाताधारकों एवं संभावित रूप से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा रही है दुर्ग पुलिस द्वारा म्यूल खातों की पहचान से लेकर बैंकिंग ट्रांजेक्शन के विश्लेषण, धनराशि के प्रवाह की जांच एवं संबंधित व्यक्तियों की पहचान तक कार्रवाई को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है?कितने खाते और एफआईआर हुए हैं दर्ज कुल म्यूल बैंक खाते- 3, 162 कुल एफआईआर दर्ज 63 63 एफआईआर में कार्रवाई के दायरे में खाते 1, 668 कुल गिरफ्तारियां-257 कुल 2, 75, 50, 091 की डिस्प्यूट राशि सत्यापन / इस्तगासा 578 खाते लंबित -916 खाते।

## शेयर ट्रेडिंग व गोल्ड लोन व्यवसाय के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 18 सितंबर। शेयर ट्रेडिंग और गोल्ड लोन व्यवसाय के नाम पर 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में छावनी थाने पुलिस ने बिलासपुर निवासी आरोपी यतेंद्र सिंह डहरिया उर्फशिबू 33 साल को गिरफ्तार किया है छावनी प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि आरोपी ने खुद को शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा बताकर प्रार्थी का भरोसा हासिल किया और उसकी पनी के नाम पर डीमैट खाता खुलवाकर उसमें शेयर जमा करने का वादा किया था। पुलिस के मुताबिक मैत्री नगर, रिसाली निवासी प्रार्थी अभिषेक जैन ने थाना छावनी में शिकायत दर्ज कराई शिकायत के अनुसार मार्च 2024 में आरोपी यतेंद्र सिंह डहरिया ने खुद को मोतीलाल ओसवाल का ब्रोकर और गोल्ड लोन कारोबार से जुड़ा व्यक्ति बताया। इसके बाद प्रार्थी की पनी निकिता जैन के नाम पर डीमैट खाता खुलवाया गया आरोपी ने शेयर जमा करने का भरोसा दिलाकर फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए और प्रार्थी से 15 लाख रुपए ले लिए। जांच के दौरान गोल्ड लोन के लिए गिरवी रखे गए आभूषणों को अन्यत्र बेचने से संबंधित तथ्य भी पुलिस के सामने आए। शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच की विवेचना में आरोपी की पहचान होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया आरोपी बिलासपुर जिले के मोपका क्षेत्र का निवासी है छावनी थाने पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## समाचार संक्षेप

### दुर्ग फाइनेंस धोखाधड़ी प्रकरण में दो और आरोपियों की गिरफ्तारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दुर्ग, 18 सितंबर। दुर्ग फाइनेंस धोखाधड़ी प्रकरण में पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अन्य व्यक्तियों के नाम पर इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस कराकर सेकंड हैंड बाजार में बेचने का काम किया था।

व्यक्तियों के नाम पर विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से मोबाइल, एसी एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस करा कर उसे बेचने वाले दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने इस प्रकरण में पूर्व में ऋषभ शर्मा, दीपेश जोशी एवं दुर्गेश गुप्ता को गिरफ्तार किया था विवेचना में दो अन्य आरोपियों मिहिर रंजन राय निवासी चौहान टाउनशिप स्मृति नगर एवं शेखर देशमुख निवासी केलाबाड़ी दुर्ग को भी गिरफ्तार कर लिया गया है दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है अन्य आरोपियों की तलाश में टीम लगी हुई है पद्मनाभपुर टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों द्वारा अन्य व्यक्तियों के नाम पर दस्तावेजों का उपयोग कर विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से मोबाइल, एसी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस कराया जाता था।

फाइनेंस प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित व्यक्ति को सामान्य उपलब्ध नहीं कराया जाता था तथा सामान को सेकंड हैंड बाजार में बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता था। सामान प्राप्त नहीं होने के बावजूद फाइनेंस संबंधित देय किस्त की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति पर बनी रहती थी। इस मामले में पूर्व में ऋषभ शर्मा निवासी केलाबाड़ी, दीपेश जोशी निवासी पुरानी पुलिस लाइन गंजपारा एवं दुर्गेश गुप्ता निवासी मान होटल शंकर निवास को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आयुक्त ने लिया विकास कार्यों का जायजा, लापरवाही पर कसावट के दिए संकेत

भिलाई, 18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर निगम की आयुक्त सुरुचि सिंह ने बृहस्पतिवार को जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर में निर्माणाधीन सीएंडडी प्लांट का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्लांट को जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिए, ताकि सॉलिड वेस्ट प्रबंधन की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके बाद उन्होंने राधिका नगर स्थित स्लाटर हाउस में स्थापित मशीन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैकुंठ धाम तालाब के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर कार्यरत स्वच्छता दीदियों से बातचीत कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा तालाब परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। सायं सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत होने वाले दीप प्रज्ज्वलन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का भी उन्होंने निरीक्षण किया। इसी क्रम में आयुक्त ने कोसा नगर स्थित गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में साफ-सफाई बेहतर रखने, मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। आयुक्त ने खेल परिसर का भी अवलोकन किया।



पापी पेट का सवाल...



कवर्धा, 18 सितम्बर। गाँव गांव में गणेश प्रतिमा विराजित, बच्चों में खुशी।

## बीएसपी निदेशक प्रभारी ने विभिन्न विभागों में की विश्वकर्मा पूजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 18 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने बृहस्पतिवार को संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना में सहभागिता की। निदेशक प्रभारी ने कहा कि संयंत्र की प्रगति में कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों के समर्पण एवं परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से उत्पादन एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में निरंतर बेहतर परिणाम हासिल किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने और सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पी.के. सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जामुल में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जामुल, 18 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 में पखवाड़ा सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किए गए। इस अवसर पर सेवा संकल्प एवं आशीर्वाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्ड के युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा संभाग प्रभारी रायपुर रेखराम बंछोर, जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अरुण यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष यशवंत राजपूत, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, मीडिया प्रभारी संजय यादव, दीपक सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री अनूप राय एवं देवबिहारी मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कविता विशवाल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान वार्ड के युवा, महिला एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ बाल गोपाल भी शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने सेवा एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## घर घुसकर गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 18 सितंबर। घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों को भिलाई नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि भिलाई नगर थाना में प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी लेखराज सिंह उर्फ राजा एवं अन्य के विरुद्ध धारा 331(2), 296, 351(3), 115 (2), 3 (5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी उसके घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट की। मारपीट के कारण प्रार्थी को चोटें आई। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना भिलाई नगर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की विवेचना के दौरान घटनाक्रम से संबंधित साक्ष्यों एवं उपलब्ध जानकारी के आधार पर आरोपी लेखराज सिंह उर्फ राजा (29 साल) निवासी हुडको की पहचान की गई पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# नगर निगम में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर हुई पूजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 सितंबर। नगर पालिक निगम भिलाई की वाहन शाखा परिसर में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, आयुक्त सुरुचि सिंह, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद सदस्य सीजू एंथोनी सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर, आयुक्त एवं सभापति सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर शहर की सुख-समृद्धि एवं निगम परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की। साथ ही निगम के वाहनों एवं विभिन्न मशीनरी के सुरक्षित, सुचारू एवं निर्बाध संचालन के लिए भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया। पूजा-अर्चना के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रसाद का वितरण किया गया। वाहन शाखा से जुड़े कर्मचारियों के अलावा निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

## विश्वकर्मा के दरबार में कारोबार की तरक्की की कामना, इंद्रजीत सिंह ने की पूजा-अर्चना

भिलाई, 18 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर सोम लॉजिस्टिक परिसर में भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सभी के सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना करते हुए प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने भगवान विश्वकर्मा से कार्यक्षेत्र में निरंतर प्रगति और सफलता बनाए रखने का आशीर्वाद मांगा। इसी क्रम में हथखोज स्थित हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में भी सृजन एवं शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा का पूजन उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने परिवार सहित विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना एवं हवन किया। इस दौरान ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की गई। कार्यक्रम में एचटीसी के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, यश सिंह, सोम सिंह, निर्मल सिंह सहित कंपनी परिवार के पदाधिकारी, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के दौरान परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।



## न्यू खुर्सीपार में 20 को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 सितंबर। गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर नवयुवा मित्र मंडल, न्यू खुर्सीपार के युवाओं द्वारा आगामी 20 सितंबर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश से हास्य-व्यंग्य कवि सफर जौनपुरी, मध्यप्रदेश से वीर रस के कवि आजाद वतन वर्मा, कोरबा से गीत एवं श्रृंगार की कवयित्री किरण सोनी, हास्य कवि गजराज दास महंत, कवि भूषण चिपड़े शिरकत करेंगे।

कवि सम्मेलन के संयोजक अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार एवं मुक्तस्वर साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल हैं।

## एक नजर

### सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम मोहदा में 251 दीप जलाये



**तिल्दा नेवरा 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम मोहदा के में बाजार चौक में जिला पंचायत सभापति श्रीमती शैल महेंद्र साहू के नेतृत्व में 251द्वीप प्रज्वलित किया गया लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए दीप जलाये कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टीकम वर्मा( उपाध्यक्ष किसान मोर्चा तिल्दा ग्रामीण मंडल) तरुण वर्मा रेखा प्रहलाद (सरपंच ग्राम पंचायत मोहदा)सनत चौहान भूखीन धीवर मोतीम साहू प्रकाश वर्मा श्रीधर वर्मा फनेंद्र भूषण वर्मा शरद ठाकुर ( जिला पंचायत प्रतिनिधि)महेन्द्र जेठी( जिला पंचायत प्रतिनिधि) दुखित निर्मलकर मीना वर्मा गीता वर्मा उत्तरा वर्मा. और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### ट्रेन से गिरने से अज्ञात युवक की मौत

**डोंगरगढ़/बोरतलाव 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पनियाजोब रेल्वे स्टेशन से पनियाजोब रेल्वे फाटक के बीच का 30 से 35 वर्ष के अज्ञात युवक की ट्रेन से गिर जाने से मौत की सूचना का मामला सामने आया है। पानियाजोब स्टेशन प्रबंधक दुजे लाल धुर्वे दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे स्टेशन मास्टर बोरतलाव द्वारा एक लिखत मेमो सूचना द्वारा थाना बोरतलाव में सूचना प्रदान की है कि किया कि 17 सितंबर गुरुवार के प्रातः लगभग 4.00 बजे से 8.00 बजे पनियाजोब रेल्वे स्टेशन से पनियाजोब रेल्वे फाटक के मध्य बिजली खंम्बा क्रमांक 937/34 कि0मी के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 30-35 वर्ष अज्ञात ट्रेन में सफर करते समय गिर कर मृत्यु हुआ है शव रेल्वे डाउन लाईन बिजली खंम्भा क्रमांक 937/34 किमी के पास पडा है। कि रिपोर्ट पर लिखित आवेदन मेमो नकल रिपोर्ट पर थाना बोरतलाव (ष्ट.त) द्वारा शव पंचनामा कार्यवाही में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में पोस्टमार्टम करा मर्चुरी में ले जाया गया है। पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि अज्ञात शव की पहचान होते ही थाना बोरतलाव सहित स्टेशन मास्टर पानियाजोब में सूचना प्रदान कर सहयोग करें।

### स्व. हाजी हसन अली पुरस्कार के लिए आवेदन 30 सितम्बर तक

**बलौदबाजार ,18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रतिवर्ष स्व. हाजी हसन अली पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 2026 के लिए इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पात्र साहित्यकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपये नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। चयनित साहित्यकार को राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर को आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2026 है। आवेदन सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू अकादमी, रायपुर के पते पर प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

### लोकभवन में मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

**रायपुर, 18 सितंबर।** लोकभवन में आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश के खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, विधिक सलाहकार श्रीमती सत्यभामा दुबे एवं लोक भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोदी के जन्मदिन पर मसानडबरा के जनमन आवास परिसर में जले 'आशीर्वाद के दीये'

■ **दिवाली जैसा दिखा नजारा, कमार परिवारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की कामना की**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जनमन योजना के तहत निर्मित मसानडबरा के कमार आवासीय परिसर में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत धमतरी के अध्यक्ष अरुण सार्वा के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में कमार परिवारों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। बड़ी संख्या में दीप जलने से पूरा आवासीय परिसर रोशनी से जगमगा उठा और यहां दिवाली जैसा माहौल दिखाई दिया। मसानडबरा का यह जनमन आवासीय परिसर विशेष रूप से कमार परिवारों के लिए तैयार किया गया है। जनमन योजना के तहत विकसित इस परिसर में मूलभूत सुविधाओं के साथ आवास उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया गया है। परिसर के विकास और व्यवस्थाओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की व्यक्तिगत पहल भी चर्चा में रही है। उनके द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने की बात कही गई। यही वजह है कि मसानडबरा का जनमन आवासीय परिसर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में चर्चा का विषय बना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े परिवारों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। जनमन योजना के माध्यम से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के परिवारों को आवास और मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मसानडबरा में कमार परिवारों के लिए बने आवास केवल पक्की छत नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उन्होंने कहा, आज हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना के लिए आशीर्वाद का दीया जला रहे हैं। यह दीप केवल रोशनी का प्रतीक नहीं, बल्कि जनसेवा, विश्वास और विकसित भारत के संकल्प का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जरूरतमंद परिवार सम्मान के साथ जीवन जी सकें। उन्होंने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बनने तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कमार परिवारों सहित ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक दीप प्रज्ज्वलित किए। बड़ी संख्या में दीप जलने से आवासीय परिसर आकर्षक रोशनी से जगमगा उठा। इस दौरान ग्रामीणों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारद कुमार मांझी, ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच नागेंद्र बोर्झा, सचिव मदन सेन, जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता रामभुवन साहू,श्रीमती सुलोचना साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सवा लाख 'आशीर्वाद के दीपों' से जगमगाया खारुन का तट

■ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए हुई महाआरती**



**रायपुर 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर आज राजधानी रायपुर का महादेव घाट सवा लाख दीपों की ज्योति से जगमगा उठा। खारुन नदी के पावन तट पर आयोजित विराट दीपोत्सव एवं महाआरती 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय शामिल हुए और प्रदेशवासियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। सवा लाख दीपों की एक साथ प्रज्वलित ज्योति से महादेव घाट का पूरा परिसर आलोकित हो उठा। श्रद्धा, आस्था और जनभागीदारी के इस अनुपम संगम के बीच खारुन मैया की भव्य महाआरती की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपना जीवन राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, जनकल्याण और राष्ट्रीय स्वाभिमान के क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी दिन-रात 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में जुटे हैं और उनके नेतृत्व में आज भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज खारुन मैया के पावन तट पर प्रज्वलित सवा लाख दीप प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति छत्तीसगढ़वासियों के स्नेह, आत्मीयता और शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। विराट दीपोत्सव के दौरान साध्वी प्रज्ञा भारती एवं आचार्यों द्वारा विधि-विधान के साथ खारुन मैया की महाआरती की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी महाआरती में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को समर्पित साध्वी प्रज्ञा भारती द्वारा रचित एवं स्वरबद्ध गीत का मुख्यमंत्री ने विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने ऐसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय और परिवर्तन देखे हैं, जिनकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने से लेकर अयोध्या में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने तक देश ने नए आत्मविश्वास और सामर्थ्य का अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रहित में बड़े और दूरगामी निर्णय लिए गए हैं। उनके दृढ़ संकल्प, स्पष्ट दृष्टि और राष्ट्रसेवा की भावना ने देश में विकास और जनकल्याण की गति को तेज किया है। आज भारत विश्व मंच पर अधिक आत्मविश्वास और सामर्थ्य के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए शासन का केंद्र हमेशा गरीब और समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति रहा है। इसी भावना के अनुरूप गरीब परिवारों को पक्का आवास, घर-घर शौचालय, जन-धन खाते, रसोई गैस कनेक्शन, खाद्यान्न सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रत्येक देशवासी को अपने परिवार का सदस्य मानकर 'सबका साथ, सबका विकास' के ध्येय के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### कुटिलता, छल- कपट को त्यागना ही उत्तम आर्जव धर्म है: भाई सुरेश मोदी



**रायपुर 18 सितंबर।** दिगंबर जैन समाज का परवा धीराज पर्युषण पर्व बुधवार 16 सितंबर से प्रारंभ हुए. कचना,अमलतास केसल स्थित 1008 श्री मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर में दस दिवसीय महापर्व के तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म मनाया गया. जिसके अंतर्गत श्री जी को पाण्डुक शीला पर विराजित कर अभिषेक व शांति धारा नित्य पूजन के पश्चात दस लक्षण विधान की आराधना की गई।उत्तम आर्जव धर्म पर दो लाइन लिखी गई है कि*मन में हो सो वचन ऊचरिये वचन होय सो तन से करिये* अर्थात हमे किसी भी प्रकार से तन और मन में भेद नहीं करना चाहिए विशेष आध्यात्मिक जानकारी देते हुए भाई सुरेश मोदी ने बताया कि मन, वचन और कर्म में एकरुपता ( सरलता और निष्कपटता )रखना ही उत्तमआर्जवधर्मदसलक्षण महापर्व का तीसरा धर्म है जो छल-कपट अपमान ,दुर्व्यवहार या कष्ट पहुंचाने पर भी मन में क्रोध या बदले की भावना मन में ना लाना की शिक्षा देता है. आर्जव का शाब्दिक अर्थ सरलता/ सीधापन है. मन में जेसे विचार उत्पन्न होते हैं वैसा ही व्यक्त करना चाहिए और उसी विचार के अनुसार कार्य करना चाहिए. छल- कपट को सभी अनर्थों और पापों का मूल माना गया है, जो विश्वास और आपसी प्रेम, सौहाद्र को नष्ट करता है. मन, वचन, काया की कुटिलता/ छल कपट को त्यागना ही उत्तम आर्जव धर्म है. रात्रि 7-30 बजे से वीरा महिला मंडल के तत्वावधान में संगीतमय श्री जी की आरती एवं विभिन्न जैन धर्म से संबंधित साँस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

### फुण्डहर गौधाम में गौवंश की सुरक्षा-व्यवस्था होगी मजबूत

**रायपुर 18 सितंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे की मांग पर रायपुर जिला प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता व संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने जोन क्रमांक 9 अंतर्गत फुण्डहर गौधाम में गौवंश की सुरक्षा, रखरखाव और शेड निर्माण के लिए तत्काल 25 लाख रुपए की राशि स्वेच्छानुदान से स्वीकृत की है। महापौर ने इसके लिए मंत्री केदार कश्यप के प्रति नगर निगम की ओर से आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि विगत दिनों महापौर मीनल चौबे ने पार्षदों और निगम अधिकारियों के साथ फुण्डहर गौधाम का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौधाम की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष जायजा लेते हुए गौवंश की सुरक्षा और रखरखाव से जुड़ी व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए थे। महापौर के निर्देश के बाद तत्काल अस्थायी व्यवस्था के तहत गौधाम क्षेत्र में गौवंश को धूप और बारिश से बचाने के लिए तालपत्री लगाई गई। इसके साथ ही महापौर ने गौधाम में स्थायी व्यवस्था के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराने के संबंध में प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा था। महापौर की मांग पर मंत्री ने तत्काल 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। राशि मिलने के बाद अब नगर निगम क्षेत्र के गौधाम में गौवंश की सुरक्षा, रखरखाव तथा शेड निर्माण के लिए नियमानुसार प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इससे फुण्डहर गौधाम में स्थायी और बेहतर व्यवस्था विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।



## सिमगा में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 18 सितंबर।** नगर में भगवान विश्वकर्मा जयंती का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ठेकेदार, राजमिस्त्री, कारीगर एवं निर्माण कार्य से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह से ही पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले औजारों, मशीनों एवं उपकरणों की भी पूजा की गई। लोगों ने भगवान विश्वकर्मा से अपने व्यवसाय में तरक्की, परिवार में सुख-शांति और क्षेत्र की समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन, शिल्प और निर्माण का देवता माना जाता है। उनके आशीर्वाद से कार्य में सफलता और समृद्धि की कामना की जाती है। जयंती के अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना रहा।

### सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोहका में राजनीतिक विज्ञान अकादमी का गठन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 18 सितंबर।** सत्य नारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोहका-नेवरा के राजनीति विज्ञान विभाग में राजनीति विज्ञान अकादमिक परिषद् का गठन किया गया और नव नियुक्त सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष ने परिषद् के विधान को सार्वजनिक किया था और उसके आधार पर एम.ए. राजनीति विज्ञान के तीसरे/चौथे सेमेस्टर से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर से सचिव और स्नातक के तीनों वर्ष के सेमेस्टरों से एक एक सह-सचिव का मनोनयन किया। इस मनोनयन में लाकेश्वरी धीवर अध्यक्ष, दुर्गा साहू उपाध्यक्ष, श्वेता साहू सचिव, और सानिया बानो, किरण वर्मा एवं विवेक कुमार बंजारे सह-सचिव नियुक्त हुए। राजनीति विज्ञान अकादमिक परिषद् के नवनियुक्त पदाधिकारियों को महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती निर्मला हैदर ने शपथ दिलाई और मार्गदर्शन किया। इस आयोजन में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश डेढ़गवें, सुश्री राजश्री भारद्वाज, सहायक प्राध्यापक हिन्दी, और कुमारी बरखा नाग, करण यदु अध्यक्ष कोहका कॉलेज , व्याख्याता, राजनीति विज्ञान उपस्थित थे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरठी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद का दिया प्रज्वलित किया

■ **देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने विगत 25 वर्ष में देश की सेवा की है**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 18 सितंबर।** दीघोयु होने स्वस्थ होने और अनवरत देश की सेवा करने के उद्देश्य से विद्यालय में उनके जन्मदिन को उत्सव प्रोग्राम बनाया गया मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम कस्बा व शहर को स्वच्छ रखने के लिए सफल अभियान चलाया डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा कृषि वाहन क्षेत्र का डिजिटल कारण किया भारत के चौतरफा विकास के लिए ए आई के प्रयोग पर बल दिया कश्मीर में शांति स्थापना से लेकर छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके को नक्सल मुक्त किया अधोसरंचना के विकास के लिए बड़े-बड़े फूल पुरिया ब्रिज और टनल निर्माण का कार्य करवाया विकसित भारत 2047 के मिशन के लिए दिन-रात अपनी सेवा देने वाले प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर विद्यालय को रंगोली से सजाया गया प्रत्येक कक्षा की सजावट की गई उनके 76 में जन्म दिवस को ध्यान में रखते हुए पहले छात्र-छात्राओं ने 176 दिए जलाये पश्चात विद्यालय के व्याख्याता डॉक्टर दिनेश कुमार उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते हुए मोदी जी के द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए किए गए कार्य का वर्णन किया साथ ही एक उत्कृष्ट प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित किया आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के नोडल भास्कर कुमार साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ साल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पहलाद साहू उपाध्यक्ष अर्जुन साहू संरक्षक नरेश साहू सहित ग्राम जन उपस्थित थे उपस्थित सदस्यों का आभार प्रदर्शन व्याख्याता माधुरी वंसकार ने किया दीपक प्रज्वलित करने और साज सज्जा में व्याख्याता आर आर तिर्की अर्चना यादव मीरा वर्मा खिलेश्वर साहू सुचिता मेश्राम अश्विनी नागवंशी गोलू निषाद और दुरपति धुव विशेष योगदान रहा।

### जैन धर्म में उत्तम आर्जव धर्म दस धर्मों में से एक है। आर्जव का अर्थ है– सरलता, निष्कपटता और मन-वचन-कर्म में एकरूपता रखना

**सिमगा 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मन में कुछ और, वचन में कुछ और और कर्म में कुछ और न हो। व्यक्ति कपट, छल और धोखे से दूर रहकर सीधा और सरल जीवन जीए–इसी को आर्जव धर्म कहा गया है। सरल शब्दों में: मन, वचन और कर्म की एकता ही उत्तम आर्जव धर्म है। किसी के साथ छल-कपट नहीं करना। झूठी बात या दिखावा नहीं करना। अपने मन की भावना और व्यवहार में सच्चाई और सरलता रखना। दूसरों को धोखा देकर अपना लाभ नहीं कमाना। अहंकार और चालाकी से बचना।आज 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक शांतिधारा करने का पर सौभाग्य संजय जैन,मीनू जैन,विजय जैन,शांतिलाल जैन,सचिन जैन अभिषेक चिंटू जैन,सीटू जैन,अंशु जैन,किंशु जैन आरव जैन नैतिक जैन राजा जैन पारस जैन और समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।।जैन समाज के सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि समाज के लोग बहुत दशलक्षण महापर्व बहुत ही ज्यादा उत्साह से मनाया जाता है।



### तिल्दा नेवरा में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर जगह-जगह दीपोत्सव, कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

**तिल्दा नेवरा,18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर 17 सितंबर की शाम तिल्दा नेवरा नगर सहित पूरे ग्रामीण अंचल में भव्य दीपोत्सव मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों, नगर के सभी शिक्षण संस्थानों और शासकीय कार्यालयों के कर्मचारियों ने अपने–अपने स्थानों पर आशीर्वाद के दीये जलाकर प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। शाम ठीक 7 बजे नगर के अनेक सार्वजनिक चौक, तालाबों और मंदिर परिसरों में एक साथ दीप प्रज्जवलित किए गए। मुख्य रूप से पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक, गांधी चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, अटल परिसर, शासकीय बी.एन.बी. हाई स्कूल नेवरा सहित नगर के चारों ओर सैकड़ों दीपक जलाए गए। दीयों की रोशनी से पूरा नगर जगमगा उठा। लोगों ने भारत माता की जय और मोदी जी को बधाई के नारे लगाए। शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व की सराहना की और देश की प्रगति के लिए उनके कार्यों को याद किया। पंजवानी परिवार में भी आशीर्वाद का दीपक जलाए गए।



# खर्च बढ़ता है तो आय बढ़ाना जरूरी हो जाता है

हमारा भारतीय दर्शन चक्र की धारणा पर यकीन करता है। यहां सीधी लाइन में कुछ नहीं होता है।चक्र एक बार शुरू होता है तो फिर वह अनंत काल तक चलता रहता है। जैसेबचपन बुढ़ापा का चक्र है, दिन रात का चक्र है।जैसे सुबह शाम का चक्र है, जैसे सर्दी,गर्मी, बारिश का चक्र है। जैसे पृथ्वी एक चक्र में बाकी ग्रहों के साथ घूमती रहती है। जैसे सौरमंडल में हमारा सूर्य भी एक चक्र में घूमता है।इसी तरह अर्थव्यवस्था का भी अपना आय व्यय का चक्र होता है। सरकार को खर्च करना है तो उसके लिए जरूरी है,उसकी आय भी होनी चाहिए। बिना आय के खर्च नहीं किया जा सकता। कोई भी परिवार हो या देश हो उसे विकास करना है तो उसे विकास के लिए तो खर्च करना ही होगा। बिना खर्च के कोई विकास नहीं होता है। विकास मतलब क्या होता है। विकास मतलब होता है देश के लोगों के लिए हर वह सुविधा जो जरूरी है। जैसे सड़क,रेल,खाद्यान्न,बिजली, पानी,शिक्षा,उपचार,घर,यातायात के तमाम साधन, बाजार, सामान लाने ले जाने की सुविधा,नेट,फोन की सुविधा, कल कारखाने,वाहन,हवाई जहाज, पानी के जहाज, एयरपोर्ट, बंदरगाह,उपग्रह छोड़ने की सुविधा सबके लिए पैसा लगता है।यह पैसा सरकार खर्च करती है। सरकार के पास पैसा कहां से आता है, सरकार के पास यह पैसा टैक्स के जरिए आता है। सरकार को जो आय होती है वह डायरेक्ट टैक्स,इनडायरेक्ट टैक्स से ही होती है।यह टैक्स देश के लोग ही देते हैं। देश का आज तक जो कुछ विकास हुआ है वह जनता के पैसे से ही हुआ है और आगे भी जो विकास होगा वह जनता के पैसे से ही होगा। विकासशील देश से भारत को विकसित देश बनना है तो जरूरी है कि देश में धन पैदा करने वाले ज्यादा से ज्यादा होने चाहिए। कोई देश तब ही संपन्न होता है जब उस देश में ज्यादा से ज्यादा लोग धन पैदा करने वाले होते है, वेल्थ क्रियेटर होते हैं। जब देश में ज्यादा धन होता है तो देश ज्यादा खर्च भी करता है। भारत का इतिहास सोने की चिड़िया का कहा जाता है तो उसका मतलब क्या था, उसका मतलब यही था कि तब भारत में धन पैदा करने वाले ज्यादा लोग थे। क्या आज ऐसा नहीं हो रहा है। आज भी भारत में धन पैदा करने वाले हैं, उनकी संख्या बढ़ रही है। हमारे देश में एक वर्ग ऐसा है जो इस बात की आलोचना करता है कि देश में अमीरों की संख्या बढ़ रही है। वे यह नहीं सोचते हैं कि देश में अमीरों की संख्या जितनी बढ़ेगी, देश में रोजगार के अवसर बढेंगे, देश के ज्यादा लोगों को काम मिलेगा, देश के ज्यादा लोग काम करेंगे तो देश में गरीबों की संख्या कम होगी। वह यह नहीं देखते कि गरीबों की संख्या कैसे कम हो रही है। कैसे कम हो सकती है। वह गरीबी के लिए सीधे अमीरी को दोषी ठहरा देते हैं। वह तो यही मानते हैं कि देश में गरीबी है तो अमीर लोगों के कारण है। पीएम मोदी के आने के बाद देश में गरीबों की संख्या कम हुई है। अमीरों की संख्या बढ़ी है इसी वजह से देश में गरीबी कम हुई है। यह बात कोई मानने को तैयार नहीं होता है, उनकी सरकार को सूटबूट की सरकार कहकर आलोचना तो की जाती है, उनकी सरकार की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उन्होंने इस देश के नौजवानों को इस बात के लिए प्रेरित करने में सफल रहे हैं कि तुम रोजगार मांगने वालें नहीं रोजगार देने वाले बनो। जब देश में रोजगार देने वालों की संख्या बढ़ती है तो देश में बेराजगारों की संख्या कम होती ह, जब देश में सारे नौजवानो रोजगार मांगने वाले हो जाते हैं और देश भारत जैसा विशाल आवादी वाला देश होता है कि इससे सभी लोगों को रोजगार नहीं मिलता है और देश में बेरोजगारी बढ़ती है और बेरोजगारी के कारण देशें कई तरह की समस्या पैदा होती है। देश में बेरोजगारी से पैदा होने वाली तमाम समस्याओं के समाधान का एक ही तरीका है कि देश में ज्यादा से ज्यादा लोग रोजगार देने वाले बने। धन पैदा करने वाले बने।धन पैदा होगा तो देश में ज्यादा से ज्यादा अच्छी सुविधाएं होंगी। क्योंकि सुविधाएं जितनी अच्छी होती हैं, उसका पैसा उतना ज्यादा देना पड़ता है। अच्छी सुविधा के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है,अच्छी सुविधा होती है तो देश विकसित माना जाता है। बैंक में कुछ दशक पहले पैसा करना हो या पैसा निकालना हो लोगों की लंबी लाइन लगी रहती थी, यह घंटो का काम होता था,तब हमारे देश में अच्छी बैंकिंग सुविधा नहीं थी। आज हम पहले ज्यादा विकास करने वाले देश है, हमारा लक्ष्य बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए देश में। यही वजह है कि आज हमारे पास यूपीआई की सुविधा है। पहले जो काम घंटो में होता था,वह घर बैठ सेकंड में हो जाता है। यह विकसित देशों की सुविधा है और आज हमारे देश में मोदी सरकार के कारण सहज उपलब्ध है। मोदी सरकार ने यूपीआई सेवा के जरिए अपनी आय बढ़ाना चाहती है तो देश के लोगों बुरा नहीं लगना चाहिए, यह नहीं कहना चाहिए कि इसकी क्या जरूरत थी। यह सोचकर खुश होना चाहिए कि यह पैसा हम विकसित देश की सुविधा के लिए दे रहे हैं। यह पैसा जो हम देंगे इससे देश में और भी बेहतर सुविधाएं होंगी।

## राशिफल

मेष आज आपके भीतर ऊर्जा और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं रहेगी। मुश्किल से मुश्किल काम को भी पूरे जोश और फोकस के साथ पूरा करने का जज्बा रहेगा और आपकी मेहनत दूसरों का ध्यान खींचेगी।

वृषभ आज आपकी समझदारी, आकर्षण और रचनात्मक सोच आपको दूसरों से अलग पहचान दिलाएगी। दिमाग में आने वाले नए विचार दोस्तों और कार्यक्षेत्र में आपको चर्चा का केंद्र बना सकते हैं।

मिथुन आज आपका आकर्षण और प्रभाव लोगों को सहज ही अपनी ओर खींचेगा। दोस्तों, बड़े भाई-बहनों और पेशेवर संपर्कों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है।

कर्क आज आपकी बातचीत का अंदाज और समझदारी सामाजिक तथा व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में आपको आगे ले जाएगी। दोस्तों के साथ मिलकर कोई नया काम या योजना शुरू करने के लिए दिन अच्छा है।

सिंह आज आपका ध्यान भविष्य की योजनाओं, करियर और आर्थिक सुरक्षा पर केंद्रित रहेगा। आपकी तेज बुद्धि और प्रभावशाली बातचीत आपको सम्मान दिलाएगी। हालांकि बीच-बीच में आत्मविश्वास की कमी या अकेलेपन का एहसास परेशान कर सकता है।

कन्या आज आपकी समझदारी, भावनाओं को संभालने की क्षमता और व्यवस्थित तरीके से काम करने की आदत आपको सफलता दिलाएगी। किस्मत भी आपका साथ देती नजर आएगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

तुला आज आप अपनी समझदारी और संतुलित व्यवहार से निजी तथा पेशेवर जीवन के बीच अच्छा तालमेल बना पाएंगे। किसी उलझी हुई परिस्थिति को भी शांत दिमाग से संभालने की क्षमता रहेगी। हालांकि कभी-कभी अकेले रहने की इच्छा आपको भीतर से थोड़ा उदास कर सकती है।

वृश्चिक आज आपके भीतर जबरदस्त साहस, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दोस्तों और सामाजिक संपर्कों का सहयोग मिलने से लंबे समय से अटके काम आगे बढ़ सकते हैं।

धनु आज करियर के मोर्चे पर आपकी चमक देखने को मिलेगी। काम में आपकी उत्पादकता बढ़ेगी और आपकी मेहनत से साख भी मजबूत होगी। साझेदारी और प्रेम संबंधों में सहयोग तथा अपनापन मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

मकर आज भाग्य, आत्मविश्वास और मानसिक स्पष्टता आपका साथ देंगे। तेज बुद्धि और रचनात्मक सोच के कारण कई काम उम्मीद से बेहतर तरीके से पूरे हो सकते हैं।

कुंभ आज आपका दिमाग गहरी सोच, शोध और भविष्य की रणनीति बनाने में व्यस्त रहेगा। किसी जटिल परिस्थिति को समझने और उसका समाधान खोजने की आपकी क्षमता मजबूत रहेगी।

मीन आज आपका ध्यान साझेदारी, लोगों से संपर्क और मिलकर काम करने पर रहेगा। घर-परिवार का शांत वातावरण आपको भावनात्मक मजबूती देगा और मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास तथा प्रशासनिक क्षमता दोनों मजबूत रहेंगे।

**विश्लेषण**

# विज्ञापन, अखबार और जवाबदेही का सवाल

## पैसे के बदले प्रकाशित सामग्री जब समाचार जैसी दिखने लगे, तब सवाल केवल विज्ञापन का नहीं, मीडिया की विश्वसनीयता का बन जाता है

डॉ. सत्यवान सौरभ



अखबार के प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित हर सामग्री पाठक के मन में एक विशेष विश्वसनीयता पैदा करती है। यही कारण है कि जब किसी विवादित व्यक्ति या संस्था के पक्ष में पूरे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित होता है और उसका प्रस्तुतीकरण समाचार या तथ्यात्मक पड़ताल जैसा दिखाई देता है, तो मामला केवल विज्ञापन और भुगतान तक सीमित नहीं रहता। वह मीडिया की विश्वसनीयता, संपादकीय विवेक और सामाजिक जवाबदेही से जुड़ जाता है। 12 सितंबर 2026 को 'द हिन्दू' के दिल्ली, मोहाली और उत्तर भारत के संस्करणों में ' एक डेरा' से संबंधित एक पूरे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित हुआ। इसी तरह का विज्ञापन 'दैनिक भास्कर' के दिल्ली संस्करण में भी प्रकाशित होने की रिपोर्ट सामने आई। विज्ञापन का शीर्षक था–'क्या है डेरा? तथ्य बनाम कल्पना'। इसमें डेरा और उसके प्रमुख जो जेल में बन्द ही के पक्ष में कई दावे तथा उनके विरुद्ध चल रहे मामलों को लेकर बचाव का पक्ष प्रस्तुत किया गया था।

विवाद बढ़ने के बाद 'द हिन्दू' ने 13 सितंबर को अपने प्रथम पृष्ठ पर बिना शर्त माफी प्रकाशित की। अखबार ने विज्ञापन को 'आपत्तिजनक' और 'अत्यंत आपत्तिजनक' बताते हुए पाठकों से क्षमा मांगी। 15 सितंबर को अखबार ने यह भी कहा कि वह उस विज्ञापन का बिल नहीं उठाएगा और उससे कोई व्यावसायिक लाभ नहीं लेना चाहता। यहां से मीडिया की जिम्मेदारी पर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि किसी सामग्री के प्रकाशन के बाद स्वयं प्रकाशक यह स्वीकार करता है कि वह सामग्री गंभीर रूप से आपत्तिजनक थी, तो स्वाभाविक प्रश्न है कि प्रकाशन से पहले उसकी जांच और मूल्यांकन की व्यवस्था कैसी थी? विज्ञापन विभाग और संपादकीय विभाग के बीच संस्थागत दूरी आवश्यक है, लेकिन क्या केवल यह दूरी किसी समाचारपत्र को प्रकाशित सामग्री के सामाजिक प्रभाव से पूरी तरह मुक्त कर देती है?

मुद्दा इसलिए भी गंभीर है क्योंकि विज्ञापन साधारण उत्पाद या सेवा का प्रचार नहीं था। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार इसमें डेरा प्रमुख से जुड़े कानूनी मामलों, उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों और संस्था की सामाजिक गतिविधियों को लेकर पक्ष रखा गया था। विज्ञापन में डेरा की ओर से नशामुक्ति, रक्तदान, वृक्षारोपण और अन्य सामाजिक गतिविधियों से संबंधित आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए थे। इन आंकड़ों की स्वतंत्र पुष्टि विज्ञापन में दिखाई नहीं देती थी।

यहां एक महत्वपूर्ण अंतर समझना जरूरी है। किसी व्यक्ति या संस्था को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। समाचारपत्रों को विज्ञापन प्रकाशित करने का व्यावसायिक अधिकार भी है। लेकिन विज्ञापन को विज्ञापन के रूप में स्पष्ट रूप से चिह्नित करना और पाठक को यह बताना कि उसके दावे विज्ञापनदाता के हैं, मीडिया संस्थान की जिम्मेदारी का केवल एक हिस्सा है। जब वही सामग्री प्रथम पृष्ठ पर, अखबार के नाम और प्रतिष्ठा के ठीक नीचे, समाचार-जैसे शीर्षकों और आंकड़ों के साथ प्रस्तुत होती है, तब पाठक के मन में उसके प्रभाव का प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है। विज्ञापन पर अस्वीकरण भी इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। संबंधित प्रकाशनों में यह उल्लेख किया गया था कि विज्ञापन की रचनात्मक सामग्री में अखबार की संपादकीय या पत्रकारिता संबंधी भूमिका नहीं है। फिर भी मीडिया विशेषज्ञों के बीच यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या केवल अस्वीकरण पर्याप्त है, विशेषकर तब जब भुगतान की गई सामग्री अत्यंत प्रमुख स्थान पर प्रकाशित हो और उसकी भाषा समाचार जैसी प्रतीत हो।

13 सितंबर को सामने आई तस्वीरों और रिपोर्टों के अनुसार वही विज्ञापन 'दैनिक जागरण' के प्रथम पृष्ठ पर भी प्रकाशित हुआ। यह तथ्य अपने आप में किसी अखबार की संपादकीय नीति पर अंतिम निष्कर्ष देने के लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन इससे एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक प्रश्न जरूर पैदा होता है–क्या बड़े समाचारपत्रों के पास संवेदनशील विज्ञापनों की स्वीकार्यता तय करने के लिए कोई स्पष्ट नैतिक कसौटी होनी चाहिए?

यह प्रश्न केवल 'दैनिक जागरण', 'दैनिक भास्कर' या 'द हिन्दू' का नहीं है। कल कोई अन्य समाचारपत्र भी ऐसी स्थिति में हो सकता है। यदि मीडिया संस्थान केवल यह कहकर अपनी जिम्मेदारी समाप्त कर दें कि 'यह विज्ञापन था, समाचार नहीं', तो धीरे-धीरे विज्ञापन और समाचार के बीच की रेखा पाठक के लिए धुंधली हो सकती है। पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी उसका पाठक-विश्वास है। विज्ञापन से मिलने वाली आय महत्वपूर्ण है, क्योंकि समाचारपत्रों के संचालन में आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। लेकिन व्यावसायिक आवश्यकता और सार्वजनिक विश्वसनीयता के बीच संतुलन बनाना भी उतना ही जरूरी है। विशेषकर ऐसे मामलों में, जिनमें न्यायालयों में चले मामलों, गंभीर आरोपों या दंडित व्यक्तियों से जुड़े प्रश्न शामिल हों, विज्ञापन की भाषा और प्रस्तुतीकरण पर अतिरिक्त सावधानी अपेक्षित है।

यहां मीडिया के सामने एक व्यावहारिक रास्ता भी हो सकता है। विवादित या संवेदनशील विज्ञापनों के लिए स्वतंत्र पूर्व-जांच व्यवस्था हो। ऐसे विज्ञापनों को प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित करने के लिए विशेष अनुमति आवश्यक हो। तथ्यात्मक दावों और न्यायिक मामलों से संबंधित सामग्री में स्पष्ट रूप से लिखा जाए कि कौन-सा दावा विज्ञापनदाता का है। यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध न्यायालय का निर्णय मौजूद है, तो विज्ञापन के माध्यम से उस तथ्य को छिपाने या भ्रम पैदा करने की स्थिति न बने। और यदि बाद में कोई गंभीर त्रुटि सामने आती है, तो केवल माफी ही नहीं, बल्कि पाठकों को यह भी बताया जाए कि गलती हुई कैसे।

मीडिया से सवाल पूछना मीडिया-विरोध नहीं है। बल्कि स्वतंत्र पत्रकारिता का अर्थ ही यह है कि सत्ता, सरकार, राजनीतिक दल, कारोबारी संस्थान और स्वयं मीडिया–सभी से जवाबदेही की मांग की जाए। जिस प्रकार पत्रकार सरकार से पारदर्शिता मांगता है, उसी प्रकार पाठक पत्रकारिता संस्थानों से भी पारदर्शिता मांग सकता है।

'द हिन्दू' द्वारा माफी मांगना और विज्ञापन का भुगतान न लेने का निर्णय इस बहस में एक महत्वपूर्ण तथ्य है। लेकिन इससे मूल प्रश्न समाप्त नहीं होता। प्रश्न यह है कि ऐसी सामग्री प्रकाशन की मेज तक पहुंची कैसे और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न आए, इसके लिए क्या संस्थागत व्यवस्था बनेगी? आज आवश्यकता किसी एक अखबार को कठघरे में खड़ा करने से अधिक व्यापक मीडिया-आचार पर बहस की है। विज्ञापनदाता को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन पाठक को यह जानने का भी उतना ही अधिकार है कि वह समाचार पढ़ रहा है, विचार पढ़ रहा है या भुगतान के बदले प्रकाशित प्रचार सामग्री। अखबार का प्रथम पृष्ठ केवल कागज का एक पन्ना नहीं होता। वह वर्षों में अर्जित विश्वसनीयता का चेहरा होता है। इसलिए उस पर प्रकाशित हर सामग्री के साथ आर्थिक लाभ के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। धन लेकर सामग्री प्रकाशित करना अपने आप में पत्रकारिता का अपराध नहीं है; प्रश्न यह है कि उस सामग्री की प्रकृति, प्रस्तुति और संभावित प्रभाव के प्रति प्रकाशक कितना जिम्मेदार है। मीडिया की स्वतंत्रता जरूरी है, विज्ञापन भी जरूरी हैं और संस्थानों का आर्थिक रूप से टिकाऊ रहना भी जरूरी है। लेकिन इन सबसे ऊपर पाठक का विश्वास है। यदि वह विश्वास कमजोर पड़ता है, तो सबसे बड़ा नुकसान किसी एक विज्ञापन का नहीं, पूरी पत्रकारिता की विश्वसनीयता का होता है।

विज्ञापन प्रकाशित हो सकता है, पक्ष रखा जा सकता है, लेकिन पाठक के विश्वास के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। यही मीडिया की असली जवाबदेही है।

# नैतिकता और संवेदना का सौंदर्यबोध : साहित्य जीवन के सत्य का सार

संजीव ठाकुर



आज का युग विज्ञान, तकनीक, संचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग है। मनुष्य ने ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में विकास के अनेक शिखर छू लिए हैं। उसकी उंगलियों पर पूरी दुनिया की सूचनाएँ उपलब्ध हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने सोचने, सीखने और काम करने की अनेक प्रक्रियाओं को नई दिशा दी है। लेकिन इस अभूतपूर्व विकास के बीच एक प्रश्न लगातार हमारे सामने खड़ा है क्या तकनीकी रूप से विकसित होता मनुष्य नैतिक और संवेदनशील रूप से भी उतना ही समृद्ध हो रहा है? यदि मनुष्य के भीतर से करुणा, सत्य, न्याय, सहिष्णुता और उत्तरदायित्व जैसे नैतिक मूल्य धीरे-धीरे समाप्त होने लगें, तो विज्ञान और तकनीक का यही विकास मानव कल्याण के बजाय विनाश का कारण बन सकता है। ऐसे समय में साहित्य समाज को उसकी मानवीय जड़ों से जोड़ने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बनकर सामने आता है।

साहित्य केवल शब्दों का विन्यास नहीं, बल्कि जीवन के अनुभवों, संघर्षों, सपनों, संवेदनाओं और सत्य का कलात्मक अभिव्यक्त रूप है। मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य के संबंध में उच्च चिंतन, स्वतंत्रता का भाव, सौंदर्य का सार और जीवन की सच्चाइयों के प्रकाश की बात कही थी। प्रेमचंद का साहित्य इस दृष्टि का जीवंत उदाहरण है। उनकी रचनाओं में किसान, मजदूर, स्त्री, गरीब, शोषित और उपेक्षित मनुष्य केवल पात्र नहीं हैं, बल्कि अपने समय की सामाजिक सच्चाइयों के प्रतिनिधि हैं। 'गोदान' का होरी हो या 'कफन' के घीसू-माधव–इन पात्रों के माध्यम से प्रेमचंद ने समाज की उस वास्तविकता को सामने रखा, जिसे केवल आंकड़ों से नहीं समझा जा सकता। साहित्य मनुष्य को दूसरे मनुष्य के जीवन में प्रवेश करने की संवेदना देता है। रवीन्द्रनाथ ठाकुर की साहित्य-दृष्टि में भी मनुष्य और उसकी मानवता का विशेष स्थान रहा। मनुष्य की वास्तविक शक्ति केवल उसकी बुद्धि, संपत्ति या बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि उसकी मानवीय चेतना में निहित है। साहित्य इसी चेतना को जागृत करता है। वह हमें यह सिखाता है कि दूसरे के आँसू केवल दूसरे के नहीं होते, किसी अनजान व्यक्ति का दुःख भी हमारी संवेदना को स्पर्श कर सकता है और किसी अपरिचित के संघर्ष में भी हम अपने जीवन की छाया देख सकते हैं। यही संवेदना साहित्य के सौंदर्यबोध को जन्म देती है। सुंदर वही साहित्य नहीं जो शब्दों में मधुर हो; सुंदर वह भी है जो मनुष्य के भीतर करुणा, विवेक और मनुष्यता का प्रकाश जगा दे। भारतीय संस्कृति में नैतिकता को जीवन का मूल आधार माना गया है। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार, क्षमा, संयम और सहिष्णुता जैसे मूल्य भारतीय चिंतन परंपरा में सदियों से प्रतिष्ठित रहे हैं। ये मूल्य केवल धार्मिक ग्रंथों की सीमाओं में बंद नहीं रहे, बल्कि साहित्य ने उन्हें जन-जीवन तक पहुँचाया। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' के माध्यम से मर्यादा, कर्तव्य, त्याग और आदर्श जीवन की अवधारणा को व्यापक जनमानस तक पहुँचाया। कबीर ने रूढ़ियों और पाखंड पर प्रहार करते हुए मनुष्य को प्रेम, सत्य और आत्मचिंतन की राह दिखाई। भक्ति साहित्य ने जाति, वर्ग और बाहरी आडंबरों से ऊपर उठकर मनुष्य के भीतर स्थित ईश्वर और मानवता की खोज की।साहित्य सामाजिक यथार्थ का आईना ही नहीं, बल्कि अनेक बार उसका मार्गदर्शक भी होता है। यह केवल एक साहित्यिक उक्ति नहीं, बल्कि मानवीय सभ्यता के अनुभवों से निकला सत्य है। साहित्य समाज को यह देखने की दृष्टि देता है कि वर्तमान में क्या हो रहा है और उसके भीतर क्या होना चाहिए। वह प्रश्न करता है, असहमति को स्वर देता है और मनुष्य को अपने समय के प्रति उत्तरदायी बनाता है। जिस समाज में नैतिकता और साहित्य का सम्मान होता है, वहाँ संवेदनाएँ जीवित रहती हैं, न्याय के प्रति विश्वास मजबूत होता है और मनुष्य केवल भौतिक रूप से नहीं, मानसिक तथा आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध होता है।

नैतिकता मनुष्य के चरित्र का आधार है और साहित्य उसके हृदय की संवेदनशील धड़कन। नैतिकता हमें सही आचरण की दिशा देती है, जबकि साहित्य हमें यह महसूस कराता है कि उस आचरण का संबंध दूसरे मनुष्यों के जीवन से कितना गहरा है। केवल नियम बना देना पर्याप्त नहीं है; उन नियमों के पीछे मानवीय चेतना भी आवश्यक है। कानून भय पैदा कर सकता है, लेकिन साहित्य भीतर से परिवर्तन की इच्छा पैदा कर सकता है। इसलिए स्थायी सामाजिक परिवर्तन के लिए कानून के साथ-साथ नैतिक शिक्षा और संवेदनशील साहित्य की भी आवश्यकता है। महात्मा गांधी के जीवन में सत्य और अहिंसा केवल विचार नहीं, बल्कि आचरण के सिद्धांत थे। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि नैतिकता जब विचार से आगे बढ़कर व्यवहार बनती है, तब वह सामाजिक शक्ति में बदल जाती है। गांधी साहित्य, धर्म, दर्शन और विभिन्न विचारधाराओं से निरंतर संवाद करते रहे और उन्होंने अपने जीवन में सत्य, आत्मसंयम तथा अहिंसा को प्रयोग के रूप में अपनाया। इसी प्रकार रूसी साहित्यकार लियो टॉल्स्टॉय की रचनाओं में प्रेम, नैतिकता, आत्मबोध और मानवता के प्रश्न प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं। मैक्सिम गोर्की ने श्रमजीवी और संघर्षशील मनुष्य के जीवन को साहित्य में स्वर दिया। हिंदी साहित्य में कबीर से लेकर प्रेमचंद, निराला, प्रसाद, महादेवी वर्मा, दिनकर और अनेक रचनाकारों ने अपने-अपने समय के मनुष्य और समाज के प्रश्नों को साहित्य का विषय बनाया।रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध पंक्ति–''मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है''–मनुष्य के आत्मविश्वास, संघर्ष और संकल्प की शक्ति को अभिव्यक्त करती है। साहित्य में ऐसी पंक्तियाँ केवल उत्साह नहीं देतीं, वे मनुष्य को अपने भीतर की शक्ति पहचानने के लिए प्रेरित करती हैं। नैतिक साहस भी इसी आत्मबोध से पैदा होता है। जब मनुष्य कठिन परिस्थितियों में भी सत्य का साथ देने का निर्णय करता है, तब उसका व्यक्तित्व केवल सफल नहीं, बल्कि सार्थक बनता है।आज हमारा समाज भ्रष्टाचार, हिंसा, उपभोक्तावाद, पारिवारिक विघटन, पर्यावरण संकट, सामाजिक असहिष्णुता, अकेलेपन और तेजी से बदलती जीवन-शैली जैसी अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है। सूचना की गति बढ़ी है, लेकिन संवाद की गहराई कई बार कम हुई है। सोशल मीडिया ने मनुष्य को जोड़ने के साथ-साथ उसे आभासी संसार में भी सीमित किया है। हम अनेक लोगों से डिजिटल रूप से जुड़े रहते हैं, लेकिन कभी-कभी अपने आसपास बैठे व्यक्ति के दुःख को समझने के लिए हमारे पास समय नहीं होता। ऐसी परिस्थिति में साहित्य हमें ठहरना सिखाता है। वह हमें शब्दों के माध्यम से मनुष्य के भीतर उतरना और अपने भीतर झाँकना सिखाता है।

उपभोक्तावादी संस्कृति ने जीवन की आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच की सीमा को भी धुंधला किया है। सफलता को कई बार केवल धन, पद, प्रतिष्ठा और भौतिक उपलब्धियों से मापा जाने लगा है। ऐसे समय में साहित्य यह प्रश्न उठाता है कि मनुष्य होने का अर्थ आखिर क्या है? क्या बड़ी कार, बड़ा घर और बड़ी नौकरी ही जीवन की अंतिम उपलब्धियाँ हैं, या किसी रोते हुए चेहरे पर मुस्कान लाना, किसी जरूरतमंद का हाथ थामना और किसी पीड़ित के पक्ष में खड़ा होना भी जीवन की सफलता है? साहित्य इन प्रश्नों के निश्चित उत्तर थोपता नहीं, बल्कि मनुष्य को स्वयं उत्तर खोजने की दिशा देता है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में साहित्य और नैतिक शिक्षा को केवल परीक्षा का विषय मानने के बजाय जीवन-निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना पर्याप्त नहीं है। उन्हें सहयोग, सहानुभूति, प्रकृति-प्रेम, श्रम का सम्मान, स्त्री-सम्मान, बुजुर्गों के प्रति संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध भी दिया जाना चाहिए। एक वैज्ञानिक, डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासक, पत्रकार, साहित्यकार या जनप्रतिनिधि तभी समाज के व्यापक हित में काम कर सकता है, जब उसके ज्ञान के साथ नैतिक विवेक भी जुड़ा हो। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में यह प्रश्न और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है कि मशीनें जितनी बुद्धिमान होती जाएँगी, मनुष्य को उतना ही अधिक संवेदनशील क्यों होना पड़ेगा? मशीन सूचना दे सकती है, गणना कर सकती है और अनेक कार्यों को सरल बना सकती है, लेकिन करुणा का मानवीय अनुभव, दूसरे के दर्द को महसूस करने की क्षमता और नैतिक निर्णय का दायित्व अंततः मनुष्य के सामने ही रहेगा। इसलिए भविष्य का मनुष्य केवल तकनीकी दक्ष नहीं, बल्कि नैतिक और संवेदनशील भी होना चाहिए। साहित्य इस मानवीय पक्ष को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।साहित्य हमें केवल बुद्धिमान नहीं, विवेकवान बनाता है। वह हमें यह समझने की क्षमता देता है कि हर तथ्य के पीछे एक मनुष्य भी हो सकता है, हर आँकड़े के पीछे किसी परिवार की कहानी हो सकती है और हर सामाजिक समस्या के पीछे किसी व्यक्ति का जीवन, संघर्ष और पीड़ा छिपी हो सकती है। यही साहित्य का मानवीय सौंदर्यबोध है। मूलतः नैतिकता समाज की आत्मा है और साहित्य उसकी चेतना। जहाँ नैतिकता होगी, वहाँ विश्वास जन्म लेगा; जहाँ साहित्य होगा, वहाँ संवेदना जीवित रहेगी। विश्वास और संवेदना का यह मिलन ही सभ्य समाज की वास्तविक नींव है। यदि हमें समृद्ध, न्यायपूर्ण, संवेदनशील और मानवीय भारत का निर्माण करना है, तो साहित्य तथा नैतिक मूल्यों को जीवन और शिक्षा के केंद्र में स्थान देना होगा। हमें ऐसी पीढ़ी तैयार करनी होगी जो केवल सफलता प्राप्त करना न जाने, बल्कि सफलता के साथ अपने सामाजिक दायित्व को भी समझे।

महात्मा गांधी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि परिवर्तन बाहर से थोपने के बजाय भीतर से आरंभ होना चाहिए। साहित्य भी इसी आंतरिक परिवर्तन की यात्रा है। वह मनुष्य को स्वयं से मिलाता है, उसके भीतर सोई हुई करुणा को जगाता है और जीवन के सत्य से उसका साक्षात्कार कराता है। अंततः साहित्य का सबसे बड़ा उद्देश्य शायद यही है कि मनुष्य अपनी मनुष्यता को बचाए रखे। क्योंकि तकनीक हमें भविष्य दे सकती है, विज्ञान हमें सुविधा दे सकता है, अर्थव्यवस्था हमें समृद्धि दे सकती है, लेकिन नैतिकता और संवेदना ही उस भविष्य को मानवीय बना सकती हैं। साहित्य इसी मानवीय भविष्य की सबसे विश्वसनीय आवाज़ है। साहित्य मनुष्य को श्रेष्ठ बनाने की सतत प्रक्रिया है और श्रेष्ठ मनुष्य ही श्रेष्ठ समाज तथा श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण का आधार बन सकता है।

## सू- दोकू क्र.164

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.163 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -164

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 163 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## एक नजर

### दक्षिण क्षेत्र के सतर्कता अफसरों को दिया गया सतर्कता का प्रशिक्षण



**हैदराबाद, 18 सितंबर।** एनएमडीसी लिमिटेड के सतर्कता विभाग ने 17 सितंबर 2026 को हैदराबाद में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा आयोजित मास्टर सर्कुलर्स और सतर्कता मैनुअल 2026÷ पर दक्षिण क्षेत्र के संगठनों के सतर्कता अधिकारियों के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सह-मेजबानी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री प्रवीण कुमार सिन्हा, पूर्व विशेष निदेशक, सीबीआई द्वारा प्रतिभागियों से वर्चुवल रूप में संबोधित किया गया, जिन्होंने सीवीसी द्वारा जारी मास्टर परिपत्रों के महत्व और सतर्कता मैनुअल के संशोधन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संवेदनशील पदों पर तैनात कर्मियों के रोटेशन के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जो एक महत्वपूर्ण निवारक सतर्कता उपाय के रूप में सिद्ध है। इस अवसर पर सीवीसी के सलाहकार श्री राजीव वर्मा, सीवीसी के निदेशक श्री अजय कुमार वर्मा और ओएसडी, सीवीसी श्री अरविंद कुमार के साथ-साथ सुश्री स्पूर्ति रेड्डी, सीवीओ, मिधानी और बीडीएल; श्री पी. कृष्ण कुमार, सीवीओ, ईसीआईएल; और श्री सी. नीलकंठ रेड्डी, सीवीओ, एनएमडीसी लिमिटेड आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही । सीवीसी के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने सतर्कता मैनुअल 2026 के संबंध में बहुत ही सार्थक जानकारी दी है, जिसमें समय समय पर लाए गए प्रमुख परिवर्तनों और सतर्कता प्रशासन के लिए उनके महत्?व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने हाल ही में जारी किए गए सीवीसी के मास्टर सर्कुलर्स पर भी विस्तार से बताया, जिसमें उनके महत्वपूर्ण प्रावधान और व्यावहारिक प्रासंगिकता भी शामिल है। कार्यक्रम के पूरे सत्र अत्यधिक संवादात्मक थे, जिसमें विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों व संदेहों का समाधान किया और व्यावहारिक चर्चाओं के माध्यम से मूल्यवान स्पष्टीकरण प्रदान किए । इस कार्यक्रम में दक्षिण क्षेत्र के लगभग 75 सतर्कता अधिकारियों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### पूर्णिमा गेड़ाम ने शिक्षा और शाला विकास के लिए प्रतिमाह वेतन का 2% समर्पित करने का लिया संकल्प



**कांकेर 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा संकल्प कार्यक्रम के अवसर पर प्राथमिक/माध्यमिक शाला माटवाड़ा लाल पटेलपारा की प्रधान अध्यापक श्रीमती पूर्णिमा गेड़ाम ने 'सेवा संकल्प का एक दिया–बच्चों की शिक्षा और शाला विकास के लिए' जलाकर अपने मासिक वेतन का 2 प्रतिशत शाला विकास एवं बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। यह संकल्प शाला विकास प्रबंधन समिति, ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, गणमान्य नागरिक, पालकगण, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में लिया गया। श्रीमती गेड़ाम ने कहा कि देश और समाज के विकास में हर व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान दे सकता है। योगदान राशि से बड़ा नहीं, भावना से बड़ा होता है। शिक्षा के क्षेत्र में किया गया छोटा-सा सहयोग भी किसी बच्चे के भविष्य को बेहतर दिशा दे सकता है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि जिसके पास धन है वह धन से, जिसके पास समय है वह समय से और जिसके पास ज्ञान-कौशल है वह अपनी क्षमता से बच्चों की शिक्षा एवं शाला विकास में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का छोटा प्रयास दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकता है और ऐसे प्रयास मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव रख सकते हैं।

# नोटबंदी, जीएसटी, महंगाई और बेरोजगारी यही हैं मोदी सरकार की उपलब्धियां: लालू राठौर

- जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में केंद्र सरकार पर लगाए वादे पूरे नहीं करने के आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर द्वारा जिला मुख्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

लालू राठौर ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को सेवा और समर्पण के रूप में बता रही है, जबकि कांग्रेस के अनुसार इस अवधि में कई चुनावी वादे पूरे नहीं हुए हैं।

उन्होंने नोटबंदी और जीएसटी को लेकर भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। राठौर ने दावा किया कि नोटबंदी से काला धन खत्म करने का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ और इससे छोटे कारोबार एवं उद्योग प्रभावित हुए। उन्होंने जीएसटी के क्रियान्वयन को लेकर भी एमएसएमई क्षेत्र पर असर पड़ने की बात कही।

प्रेसवार्ता में लालू राठौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े 43 सवाल सामने रखे। इनमें अच्छे दिन कब आएंगे, 15 लाख रुपये कब मिलेंगे, महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी कब होगी, हर साल दो करोड़ रोजगार का वादा कितना पूरा हुआ, किसानों की आय दोगुनी हुई या नहीं और नोटबंदी से क्या हासिल हुआ जैसे सवाल शामिल हैं। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, स्मार्ट सिटी, सरकारी संपत्तियों के विनिवेश और भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों पर भी केंद्र सरकार से जवाब मांगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ सरकार से जुड़े भाजपा के चुनावी वादों का भी उल्लेख किया। उन्होंने एक लाख सरकारी नौकरियां, रसोई गैस की कीमत, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण, महतारी वंदन, धान खरीदी, बेरोजगारी भत्ता, छात्रों के लिए परिवहन पास और बिजली बिल में राहत जैसे वादों को लेकर सवाल उठाए। राठौर ने कहा कि भाजपा को सेवा संकल्प अभियान के साथ जनता के इन सवालों का भी जवाब देना चाहिए। प्रेसवार्ता में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया, आर. वेणुगोपाल राव, बेनहूर रावतिया, प्रवीण डोंगरे, इम्तियाज खान, सोनू पोटाम, पुरुषोत्तम सलूर, संतोष गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, इदरीस खान, श्यामू गुप्ता, गुड्डू कोरसा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया भव्य आयोजन

- चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे उपस्थित





**देवभोग 18 सितंबर।** भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. देवेंद्र कश्यप के निर्देशानुसार चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा जी का विधिवत पूजन-अर्चन कर देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं निरंतर प्रगति की कामना की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं भी प्रेषित की गईं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव श्री गोवर्धन सिंह माझी जी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने कहा कि 17 सितंबर का दिन अपने आप में विशेष महत्व रखता है। एक ओर यह भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती का पावन अवसर है, जिन्हें निर्माण, सृजन एवं शिल्प-कौशल का प्रतीक माना जाता है, वहीं इसी दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन भी है। उन्होंने कहा कि निर्माण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े इस अवसर का संयोग सभी के लिए प्रेरणादायी है।

डॉ. तिवारी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी भारतीय संस्कृति में निर्माण, तकनीक, कौशल और सृजनशीलता के प्रतीक माने जाते हैं। देश की विकास यात्रा में मेहनतकश श्रमिकों, कारीगरों, शिल्पकारों, युवाओं और विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि कौशल, परिश्रम और आत्मनिर्भरता के माध्यम से मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर देश के विकास, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करने का संदेश लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार का कार्य नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही यह संकल्प सार्थक हो सकता है।

डॉ. तिवारी ने कहा, ÷यह महज संयोग नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायी अवसर है कि जिस दिन हम निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जी की आराधना करते हैं, उसी दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन भी आता है। यह अवसर हमें निर्माण, परिश्रम, कौशल और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र भी राष्ट्र सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का दायित्व है कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करें। चिकित्सा प्रकोष्ठ इसी भावना के साथ समाजसेवा और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव श्री गोवर्धन सिंह माझी जी, मंडल अध्यक्ष श्री जगमोहन पटेल जी, मंडल मंत्री श्री लैबानो सोना जी, मंडल महामंत्री श्रीमती अनीता उपाध्याय जी, श्री रूपदास मरकाम जी, श्रीमती जयंती सिन्हा जी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री सुशील यादव जी, पार्षद वार्ड क्रमांक 1 श्रीमती मंजुला प्रधान जी, श्री परस प्रधान जी, डॉ. पादुलोचन जगत जी, पार्षद श्री अनुतोष अवस्थी जी, पार्षद श्री कमलेश अवस्थी जी, एल्डरमैन श्री अमित अवस्थी जी, श्री श्रीमत माझी जी, श्री हरीश माझी जी, श्री जगदीश यादव जी, श्री पूरून यादव जी, श्री देवा यादव जी, श्री अशोक माझी जी एवं श्री नीलांबर जी सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर देश की उन्नति एवं समृद्धि की कामना की गई। उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देश की निरंतर प्रगति एवं विकास के लिए सामूहिक रूप से संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने सभी उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी के आशीर्वाद से देश में कौशल, श्रम, सृजन और राष्ट्र निर्माण की भावना निरंतर मजबूत हो तथा भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। एकता गणेश उत्सव समिति द्वारा विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में सभी देवभोग वासियो का सहयोग प्राप्त हुआ ।

## बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन में लगातार हो रहीं अनियमितताओं से मचा हड़कंप







- शिकायतों की फाइलें बढ़ीं, सवालों के घेरे में चुनाव प्रक्रिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 18 सितंबर।** बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन की दर्जनों अनियमितताओं को लेकर मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएँ, संभागीय कार्यालय जगदलपुर में लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से शिकायतकर्ताओं, प्रभावित सदस्यों और चुनाव से वंचित किए गए प्रत्याशियों की चिंता बढ़ गई है।

**अब नजर जिला प्रशासन पर :** पूरे मामले में अब दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर देवेश ध्रुव की संभावित कार्रवाई पर शिकायत कर्ताओं और प्रभावित सदस्यों की नजरें टिकी हुई हैं।

**प्रमुख तीन सवाल और बढ़ता विवा: क्या जिला प्रशासन की अनदेखी,शिकायतों के बावजूद कार्रवाई में देरी क्यों?**

## एसपी ने रक्षित केंद्र में जनरल परेड और शाखाओं का किया निरीक्षण



**बीजापुर, 18 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को रक्षित केंद्र बीजापुर में जनरल परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जवानों की वेशभूषा और परेड का जायजा लिया। साफ-सुथरी एवं व्यवस्थित वेशभूषा में उपस्थित जवानों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रक्षित केंद्र में उपलब्ध पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों के रखरखाव और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से वाहनों की देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने रक्षित केंद्र की स्टोर शाखा एवं वाहन शाखा का निरीक्षण कर संबंधित रजिस्टरों और अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने दस्तावेजों के समुचित संधारण, सामग्री की व्यवस्था तथा वाहनों के रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए रक्षित केंद्र में अनुशासन, स्वच्छता और संसाधनों के उचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# करेंगुट्टा की पहाड़ी पर जला 'आशीर्वाद का दीप'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 18 सितंबर ।** जन सेवा ही प्रभु सेवा की भावना के साथ जिला पुलिस बीजापुर द्वारा सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के प्रथम दिवस करेंगुट्टा की पहाड़ी पर 'आशीर्वाद का दीप' प्रज्वलित कर देश की आंतरिक सुरक्षा और शांति के लिए कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य निभा रहे जवानों के त्याग, साहस और समर्पण को नमन किया गया।



अभियान के दौरान करेंगुट्टा क्षेत्र में सीआरपीएफ कोबरा और डीआरजी के जवानों द्वारा संचालित संयुक्त अभियानों में प्रदर्शित साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा को स्मरण करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। दीप को जवानों के समर्पण और सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण समाज के संकल्प का प्रतीक बताया गया।

**पुलिस थानों से सुरक्षा बल कैंप तक रोशन हुआ परिसर :** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन, यातायात कार्यालय, जिले के पुलिस थानों एवं चौकियों, सीआरपीएफ कैंप तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के शिविरों में अधिकारियों और जवानों ने दीप प्रज्वलित किए। कई स्थानों पर रंगोली एवं दीप सजाकर अभियान के प्रति उत्साह व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जवानों ने सेवा, समर्पण, शांति, सुरक्षा और जनविश्वास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा एवं सहयोग की भावना पहुंचाना तथा सुरक्षा व्यवस्था के साथ जनविश्वास को और मजबूत करना है।

**जनसेवा और राष्ट्रसेवा का संदेश:** जिला पुलिस बीजापुर ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीप' केवल दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य निभाने वाले सुरक्षा जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। अभियान के माध्यम से जनसेवा, शांति और सुरक्षित समाज के निर्माण की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर देश की सुरक्षा के लिए समर्पित जवानों को नमन करते हुए सेवा और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## खेत से आ रहा युवक भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर भोपालपटनम 18 सितम्बर।** भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत पीलूर पंचायत के नीलामड़गु गांव के एक युवक पर भालू ने अचानक हमला किया है। बताया जा रहा है कि घटना मंगलवार शाम की है, जब युवक खेत से आ रहा था। इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार वेरा वासम, पिता रमेश उम्र 14 वर्ष भालू के हमले में युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्टाष्ट) भोपालपटनम लाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में बीएमओ गोपी कृष्णा ने बताया कि फ्लिहाल भालू के हमले में घायल युवक का इलाज जारी है। प्राथमिक उपचार के दौरान मामूली चोटें थी। पिलूर वन क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बताया जा रहा है।

# कोर्ट के झीरम फैसले से असंतुष्ट अजय सिंह ने एनएआई जांच पर उठाए सवाल

**बीजापुर, 18 सितंबर।** झीरम घाटी हमले के 13 साल बाद आए अदालत के फैसले को लेकर घटना के प्रत्यक्षदर्शी एवं युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह ने असंतोष जताते हुए मामले की जांच प्रक्रिया और साक्ष्यों की समीक्षा की मांग की है। गौरतलब है कि 16 सितंबर को जगदलपुर की विशेष NIA अदालत ने 2013 के झीरम घाटी हमले के मामले में 10 दोषियों को मृत्युदंड सुनाया है।

अजय सिंह ने प्रेसवार्ता में दावा किया कि वे स्वयं झीरम घटना के पीड़ित एवं प्रत्यक्षदर्शी रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपियों की पहचान के लिए घटना से बचने वाले प्रत्यक्षदर्शियों को क्यों नहीं बुलाया गया। उनके मुताबिक यदि किसी पीड़ित या प्रत्यक्षदर्शी ने आरोपियों की पहचान नहीं की है, तो उपलब्ध साक्ष्यों और जांच की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा की जानी चाहिए।

**'देवा की भूमिका की भी हो जांच' :** अजय सिंह ने दावा किया कि झीरम हमले के पीछे देवा नामक माओवादी कमांडर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और उसके आत्मसमर्पण के बाद उसे



मामले की जांच के दायरे में लाकर पूछताछ की जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति की गवाही और बयान से घटना की साजिश तथा हमले की पृष्ठभूमि से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

मीडिया रिपोर्टों में भी झीरम मामले के आरोपपत्र में शामिल कुछ वरिष्ठ माओवादी नेताओं के बाद में आत्मसमर्पण करने का उल्लेख है। हालांकि, किसी व्यक्ति की भूमिका या जिम्मेदारी का अंतिम निर्धारण अदालत में उपलब्ध साक्ष्यों और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर ही किया जा सकता है।

**एनएआई की जांच प्रक्रिया पर पुनर्विचार की मांग:** अजय सिंह ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई और जांच के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर और लंबे समय से लंबित मामले में तथ्यों, साक्ष्यों और संबंधित पक्षों के बयानों की निष्पक्ष समीक्षा आवश्यक है।

उन्होंने मांग की कि मामले से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की दोबारा पड़ताल की जाए, ताकि घटना की पूरी साजिश और जिम्मेदार लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सके।

**'पूरा सच सामने आना जरूरी' :** अजय सिंह ने कहा कि झीरम जैसी गंभीर घटना में केवल सजा तक मामला सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि घटना की पूरी पृष्ठभूमि और इसमें शामिल सभी स्तरों की भूमिका सामने आनी चाहिए। उन्होंने देवा की भूमिका की जांच तथा उसका नार्को टेस्ट कराए जाने की मांग भी रखी। हालांकि, नार्को टेस्ट जैसे किसी परीक्षण का उपयोग और उसकी स्वीकार्यता संबंधित कानूनी प्रक्रिया एवं अदालत के निर्देशों के अधीन होती है। वहीं 10 दोषियों को सुनाई गई मृत्युदंड की सजा के खिलाफआगे न्यायिक चुनौती की प्रक्रिया भी उपलब्ध है। अजय सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य झीरम हमले से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों की व्यापक समीक्षा के जरिए घटना का पूरा सच सामने लाना है।

# सार्वजनिक भवनों के निजी उपयोग पर रोक की मांग

**बीजापुर 18 सितंबर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद बीजापुर ने नगर क्षेत्र में निर्मित सामुदायिक भवन और सांस्कृतिक भवन को आम जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बीजापुर को पत्र सौंपा है। CPI ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए शादी, पार्टी, बैठक और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए बनाए गए इन भवनों का पिछले कुछ वर्षों से निजी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा रहा है। पार्टी ने इन आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

पार्टी के अनुसार, सामुदायिक भवन में पिक्चर हॉल और लॉज संचालित होने का दावा किया गया है। वहीं सांस्कृतिक भवन के भी व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग किए जाने की बात पत्र में कही गई है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। CPI का कहना है कि सार्वजनिक संपत्तियों में दुकानों सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने से आम नागरिकों को शादी, बैठक और अन्य कार्यक्रमों के लिए स्थान की कमी का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने कहा कि शहर में पहले से ही सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण इन भवनों का उपयोग आम जनता के लिए किया जाना चाहिए। पार्टी ने नगर पालिका प्रशासन से भवनों के वर्तमान उपयोग की जांच कराने और नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। CPI जिला परिषद ने मांग पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। पार्टी ने कहा है कि ऐसी स्थिति में इसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। पत्र की प्रतिलिपि नगर पालिका अध्यक्ष को भी भेजी गई है। अब नजर नगर पालिका प्रशासन की जांच और आधिकारिक कार्रवाई पर रहेगी, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि संबंधित भवनों का वर्तमान उपयोग किन नियमों और अनुमति के तहत किया जा रहा है।

## मोदी के जन्मदिन पर भाजपा का सेवा संकल्प अभियान शुरू

**बीजापुर, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने बीजापुर में 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत की।




17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम से हुई। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के करीब 50 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन और सेवा काल के अवसर तथा उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन देश की जनता की सेवा को समर्पित रहा है। गागड़ा ने भारत की वैश्विक पहचान का उल्लेख करते हुए इसे देशवासियों के लिए गर्व का विषय बताया। महेश गागड़ा ने बीजापुरवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर अपने–अपने घरों में दीपक जलाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा और जनहित की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, BJYM अध्यक्ष हरिहर साहनी, बीलाल खान, एरन्ना अन्मुल, सल्ला प्रताप, सुधाकर के जी सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कॉटलैंड की एबर्टे यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने किया आईएसबीएम विवि का दौरा

## अंतराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग, ज्ञान-विनिमय एवं विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



गरियाबंद/छुरा, 18 सितम्बर। आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा में 17 सितंबर को स्कॉटलैंड की प्रतिष्ठित एबर्टे यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल का गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। यह दौरा साझेदारी, ज्ञान-साझाकरण और बेहतर भविष्य के लिए अवसरों का सृजन की भावना के अनुरूप वैश्विक अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

प्रतिनिधिमंडल में एबर्टे यूनिवर्सिटी, स्कॉटलैंड की (ग्लोबल एंगेजमेंट) सुश्री क्लेयर मैकेचन तथा लंदन के स्टाफगवर्नर, चीफऑपरेटिंग ऑफिसर एवं अकाउंटेबल ऑफिसर इयान व्हाइटहेड शामिल रहे।

विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल, सन्युक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा, अकादमिक डीन डॉ. एन. के. स्वामी तथा डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. पी. विस्वानाथन एवम अन्य प्राध्यापक ने आत्मीयता एवं गर्मजोशी के साथ किया। विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं शोध सुविधाओं का अवलोकन के दौरान एबर्टे यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने आई.एस.बी.एम. विश्वविद्यालय की केंद्रीय पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, इंजीनियरिंग वर्कशॉप तथा विभिन्न शैक्षणिक विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों से संवाद कर यहां संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध अधोसंरचना, शिक्षण-अधिगम की प्रक्रियाओं तथा विद्यार्थियों के लिए संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं विकासात्मक पहलों की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग को लेकर एक विशेष बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में उच्च शिक्षा, ज्ञान-विनिमय, वैश्विक अकादमिक अनुभवों की साझेदारी तथा विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसरों के सृजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक एवं दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारी विकसित करने में साझा रुचि व्यक्त की। वि.वि. में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक संगीत, लोकनृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विदेशी अतिथियों को छत्तीसगढ़ की जीवंत लोकपरंपराओं, कला एवं सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि और विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा की। अपने संबोधन में एबर्टे यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने आई.एस.बी.एम. विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, संस्थागत विकास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के उत्साह को उल्लेखनीय बताते हुए भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान-विनिमय, अकादमिक संवाद एवं सहयोग के नए अवसरों को मजबूत करने में रुचि व्यक्त की। इस अवसर पर वि.वि. के कुलाधिपति डॉ. विनय के. अग्रवाल द्वारा एबर्टे यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### दीपावली के लिए अस्थायी फटाका लाइसेंस के लिए 6 अक्टूबर तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

रायगढ़, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दीपावली पर्व 2026 को ध्यान में रखते हुए जिले में अस्थाई फटाका लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 18 सितंबर से 6 अक्टूबर तक लोक सेवा केंद्र के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक आवेदक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए आवेदक को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति, साईट मैप (नजरी नक्शा) तथा स्वयं का एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा निर्धारित शुल्क के रूप में 600 रुपये का चालान जमा करना होगा। यह राशि 0070-अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 60-अन्य प्राप्तियां, 103-विस्फोटक पदार्थों के लिए शीर्ष के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति आवेदन के साथ प्रस्तुत करनी होगी।लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन सबमिट कराने के बाद उसकी पावती सहित सभी आवश्यक दस्तावेज लाइसेंस शाखा, कक्ष क्रमांक 33, कलेक्ट्रेट रायगढ़ में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित अंतिम तिथि 6 अक्टूबर के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### चौपाटी में स्वच्छता अभियान चलाया गया



दल्लीराजहरा, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प स्वच्छता अभियान के तहत दल्ली राजहरा के चौपाटी क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान लंबे समय से उगी बड़ी घास की कटाई की गई और क्षेत्र में फैली गंदगी को साफकर चौपाटी परिसर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। यह अभियान नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे की पहल पर आयोजित हुआ। अभियान में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने स्वयं झाड़ू उठाकर और घास कटाई कर श्रमदान किया। नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन हमारे लिए सेवा का पर्व है और स्वच्छता ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है। इस अवसर पर सेवक स्वाधीन जैन ने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ समाज की नींव है। यदि हर नागरिक अपने आसपास सफाई का संकल्प ले तो स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सार्वजनिक स्थलों को साफ रखें और स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। अभियान में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश दसोड़े, वरिष्ठ पार्षद सुरेश जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 222 दिव्यांग हितग्राहियों को पात्रतानुसार मिलेंगे नि:शुल्क सहायक उपकरण

रायगढ़, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जरूरतमंदों को शासन की योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में समाज कल्याण विभागद्वारा जतन केंद्र परिसर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि शिविर में सहायक उपकरण के लिए पात्र दिव्यांगजनों की दिव्यांगता एवं व्यक्तिगत आवश्यकता का आकलन किया गया, ताकि उन्हें उपयोगी एवं उपयुक्त उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। विभाग के अनुसार कार्यक्रम के अंतर्गत 222 दिव्यांग हितग्राहियों को पात्रतानुसार नि:शुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इससे दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में सुविधा मिलने के साथ उनकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

# 'आशीर्वाद का दीया' उत्सव : 40 हजार से अधिक दीपों से जगमगाया सिंदूर पार्क

## वित्त मंत्री चौधरी ने कहा-एक माह तक सेवा और जनकल्याण की गतिविधियों का चलेगा सिलसिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 18 सितम्बर। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ गुरुवार को 'आशीर्वाद का दीया' उत्सव के साथ हुआ। रायगढ़ के सिंदूर पार्क में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 40 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों से सजे 'नमो सिंदूर पार्क रायगढ़' के आकर्षक स्वरूप ने आम जनों का ध्यान आकृष्ट किया बल्कि सेवा, सहयोग, और सामाजिक दायित्व के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में सहभागिता निभाने का संदेश दिया।






कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति जनता के आभार, शुभकामनाओं और सेवा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से आने वाले एक माह तक जनकल्याण और समाजहित से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि देश ने बीते वर्षों में आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, कूटनीतिक और वैश्विक स्तर पर अनेक महत्वपूर्ण बदलाव देखे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय बस्तर में सड़क और आवागमन तक चुनौतीपूर्ण था, लेकिन निरंतर प्रयासों से परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक कार्य हैं, जिन्हें कुछ वर्ष पहले असंभव माना जाता था, लेकिन आज वे साकार हुए हैं।

वित्त मंत्री ने सिंदूर पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्थान 'ऑपरेशन सिंदूर' की स्मृति से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इसी स्थल से हजारों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए दीप प्रज्वलित किए हैं। उन्होंने आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल नागरिकों, कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों तथा प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। आशीर्वाद का दीया' उत्सव के माध्यम से जिले में जनभागीदारी से पांच लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों सहित आम नागरिकों ने अपने घरों में दीप जलाकर सेवा और सुशासन के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इसके साथ ही विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया गया। सिंदूर पार्क में दीपों से तैयार विशेष फॉर्मेशन को आकर्षक रूप देने में सहयोग करने वाले कार्यक्रम के दौरान कलाकार मनोज श्रीवास्तव एवं सुजीत मोदी का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं, दीप प्रज्वलन में सहयोग करने वाली स्वच्छता दीदियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रति मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान ने आयोजन में सहयोग के लिए नगरवासियों, नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और सभी के सहयोग से सिंदूर पार्क में यह भव्य आयोजन संभव हो सका। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आगामी एक माह तक जिला, विकासखंड, ग्राम एवं वार्ड स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गबेल, जिला पंचायत सदस्य सुषमा खलखो, सभापति डिग्री लाल साहू, अरूणधर दीवान, सुभाष पाण्डेय, श्रीकांत सोमावार, विकास केडिया, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिल्पा भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# विशेष संरक्षित पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों के राशन में गड़बड़ी के मामले में तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 18 सितम्बर। धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत साजापाली स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर पुलिस द्वारा नामजद चार आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि विभाग की टीम द्वारा साजापाली स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपलब्ध वास्तविक खाद्यान्न का ई-पॉस सर्वर में दर्ज स्टॉक से मिलान किया गया।

भौतिक सत्यापन के दौरान दुकान में खाद्यान्न का स्टॉक शून्य पाया गया। जांच में 219.82 क्विंटल चावल, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 44 हजार 551.15 रुपए, 8.57 क्विंटल शक्कर, जिसकी कीमत 35 हजार 966.91 रुपए तथा 4.82 क्विंटल नमक, जिसकी कीमत 5 हजार 678 रुपए आंकी गई। इस प्रकार कुल 9 लाख 86 हजार 196 रुपए मूल्य के खाद्यान्न की कमी सामने आई। जांच के दौरान ई-पॉस मशीन एवं ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच में 196 हितग्राहियों के नाम पर खाद्यान्न वितरण दर्ज पाया गया। विभागीय जांच में ऑनलाइन दर्ज वितरण और वास्तविक खाद्यान्न उपलब्धता के बीच अंतर सामने आया। इन हितग्राहियों में विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार भी शामिल हैं।जांच के दौरान उचित मूल्य दुकान में स्टॉक पंजी, मूल्य सूची बोर्ड सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों के संधारण में भी अनियमितताएं पाई गईं।अनियमितताओं के संबंध में संबंधितों से एसडीएम धरमजयगढ़ के समक्ष स्पष्टीकरण लिया गया। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने के बाद खाद्य निरीक्षक चूड़ामणि सिदार द्वारा धरमजयगढ़ थाने में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई।शिकायत के आधार पर दुकान संचालन एजेंसी ज्योति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सुमित्रा केरकेट्टा, सचिव सोनमती एक्का, वर्तमान विक्रेता विजय कुमार कोरवा एवं पूर्व विक्रेता ईशाक बेक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5), 3(5) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा के तहत अपराध दर्ज किया गया है। प्रकरण में नामजद चार आरोपियों में से तीन आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का नियमित एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची पर 26 सितंबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़, 18 सितम्बर। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण 2024 से संबंधित स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार करने की प्रक्रिया के बाद अब सूची पर 26 सितम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून को आयोजित ग्राम सभाओं में सिस्टम जनरेटेड प्रतीक्षा सूची का अवलोकन एवं वाचन किया गया था। इसके बाद शासन की मार्गदर्शिका के अनुसार प्राथमिकता सूची तैयार की गई। ग्राम सभा द्वारा सूची के संबंध में की गई कार्यवाही पर 26 सितंबर 2026 को शाम 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति अपना लिखित आवेदन जिला पंचायत कार्यालय, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय अथवा ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।आवास प्लस 2.0 की तैयार सूची रायगढ़ जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।

## समाचार संक्षेप

### गोविंद सारंग कालेज में हुआ नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ कार्यक्रम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 18 सितम्बर। गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 'दीक्षा आरंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, मानवीय मूल्यों और आत्म-खोज की भावना को विकसित करना था। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रीता दीवान ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण पर जोर दिया। विधि विभागाध्यक्ष डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव ने बी.ए.एलएल.बी. पाठ्यक्रम को अपार संभावनाओं से भरा क्षेत्र बताते हुए विद्यार्थियों को इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। डॉ.निधि मिश्रा ने रेड क्रॉस, एंटी-रैगिंग और छात्राओं के लिए अनुकूल माहौल पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. ऋषिराज पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर दिलीप कुमार सोनी, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. किरण चंद्राकर और अमीर हैदर उपस्थित रहे। अंत में अफरोज कुरैशी ने विद्यार्थियों को अनुशासन और तन्मयता के साथ विधि की पढ़ाई करने की सलाह दी और सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### झन पियव शराब, नशा हे खराब: लक्ष्मी




**नशा मुक्ति के लिए गरियाबंद के नशा मुक्ति केंद्र में चलाया गया जागरूकता अभियान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद/छुरा, 18 सितम्बर। नशे के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गरियाबंद स्थित नशा मुक्ति केंद्र में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों के साथ नशे की लत में फंसे व्यक्तियों को नशा छोड़ने के लिए आवश्यक सहयोग, परामर्श एवं उपचार के महत्व पर भी विचार-विमर्श किया गया। अभियान के दौरान शराब, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से बचने तथा अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया। नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग से इस अभियान से जुड़कर अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र के प्रबंधक अशोक नेताम, केंद्र के अन्य स्टाफ छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना छुरा खड़ के महासचिव पुष्पराज साहू राज, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना महिला सेनानी लक्ष्मी नाग सहित छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अन्य सेनानी भाई-बहन उपस्थित रहे।

### कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन में टीन शेड निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 18 सितम्बर। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र दुल्ला अंतर्गत छुरा नगर स्थित कुर्मी समाज सामुदायिक भवन परिसर में 10 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से निर्मित होने वाले टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी धानसिंह निषाद, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद सदस्य मुंगेश्वरी ध्रुव, भाजयुमो जिला महामंत्री पंकज निर्मलकर, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक ठाकुर, छुरा प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, चंद्रनाहू कुर्मी समाज दुल्ला उपक्षेत्र अध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, सचिव मुकेश चंद्राकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अध्यक्ष गुलाब राम वर्मा, तिरेला कुर्मी समाज अध्यक्ष लक्ष्मण वर्मा, कुर्मी समाज जिला महिला अध्यक्ष लता वर्मा, एल्डरमैन धर्मेंद्र चंद्राकर, पूर्व पार्षद मीना चंद्राकर, भाजपा नेता राजू साहू, दिशांक चंद्राकर, सुजल कोठारी आदि शामिल रहे। साथ ही कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।विधायक रोहित साहू और समस्त अतिथियों ने पूरे विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर विधायक रोहित साहू ने कुर्मी समाज को बधाई दी।

### राज्य सरकार का अंधकार में डूबे ग्रामीण क्षेत्रों में दिये जलाने का आदेश तुगलकी फरमान : शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा, 18 सितम्बर। पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) पर सभी सरकारी कार्यालयों में एक निश्चित संख्या में दिये जलाने के आदेश को अदूरदर्शितापूर्ण लिया गया जनविरोधी निर्णय और तुगलकी फरमान बताते हुये कहा कि छ ग सरकार की तानाशाही और संवेदन शीलता की पोल एक बार फिर से खुल रही है, राज्य सरकार सिर्फ दिखावा और चरण वंदन चापलूसी करने में मदमस्त है और ग्रामीण आमजन अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त है, आज भी भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के अनेक गावों में बिजली कटौती लगातार बेतहाशा जारी है। स्मार्ट बिजली मीटर से जनता जनार्दन परेशान है साथ ही उससे आने वाले भारी भरकम बिल से भयभीत होकर बिजली ऑफिस का लगातार बिल कम कराने चक्कर काट रहे है येसे इस्तिथि में राज्य सरकार द्वारा दिया जलाने का तुगलकी आदेश जारी करना जनता जनार्दन के गहरे ज़ख्मों पर नमक छिड़कने के समान है, ऐसा निर्णय लेना अंधकार में डुबी ग्राम पंचायत कार्यालय और भारी भरकम बिल से त्रस्त ग्रामीण जनों के साथ भद्दा और क्रूर मजाक प्रतीत होता है।

## परन, तोड़ा, लयकारी और भावपूर्ण अभिनय से सजी शिल्पा सिंह ने बटोरी खूब सराहना

# रायगढ़ घराने की कथक परंपरा और भाव-लय का दिखा मनोहारी संगम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 18 सितम्बर। 41 वें चक्रधर समारोह-2026 की सांस्कृतिक संध्या में रायगढ़ घराने की प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना शिल्पा सिंह ने अपनी भावपूर्ण और आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके नृत्य में कथक की बारीकियों, लय-ताल की सटीकता और प्रभावशाली अभिनय का सुंदर समन्वय देखने को मिला। प्रस्तुति के दौरान रायगढ़ घराने की समृद्ध नृत्य परंपरा की विशिष्ट झलक ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। शिल्पा सिंह ने सुनील



वैष्णव, वासंती वैष्णव एवं गुरु महुआ शंकर की शिष्या हैं। उन्होंने कथक नृत्य में परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। रायगढ़ घराने की पारंपरिक शैली के साथ परन, तोड़ा, लयकारी और अभिनय में उनकी विशेष पकड़ है। वे स्वयं भी कथक के शिक्षण एवं कोरियोग्राफी के माध्यम से नई पीढ़ी को इस समृद्ध कला परंपरा से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। शिल्पा सिंह 'मां कात्यायनी कथक डांस एकेडमी' की संस्थापक हैं। उन्होंने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मंचों पर कथक की प्रस्तुतियां दी हैं। राजिम कुंभ कल्प, भरतमुनि महोत्सव भुवनेश्वर, महाराणा कुंभा संगीत समारोह उदयपुर और भोरमदेव महोत्सव सहित अनेक प्रमुख आयोजनों में उनकी प्रस्तुतियां हो चुकी हैं।

### कथक साधना के लिए मिल चुके हैं अनेक सम्मान

कथक के क्षेत्र में उनके योगदान और प्रतिभा को अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। वर्ष 2024 में उन्हें गुरु सम्मान एवं कौशल महोत्सव में गुरु सम्मान प्राप्त हुआ। वर्ष 2023 में नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार तथा नर्तन रिदम महोत्सव में सम्मान मिला। वहीं वर्ष 2022 में एआईडीए भिलाई की अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया और नवोदित कलाकार पुरस्कार से भी सम्मानित हुईं।

### लय, ताल और भाव-अभिव्यक्ति के सुंदर संगम से सजी लिली चौहान की शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति



रायगढ़, 18 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 41वें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह-2026 की चौथी सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय नृत्यांगना लिली चौहान ने अपनी प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों की सराहना बटोरी। कथक एवं भरतनाट्यम में प्रशिक्षित लिली चौहान ने अपनी प्रस्तुति में लय, ताल, भाव और नृत्य की तकनीकी बारीकियों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। आठ वर्षों से अधिक समय से शास्त्रीय नृत्य के अध्ययन और मंचीय प्रस्तुतियों से जुड़ी लिली चौहान ने अपनी प्रस्तुति में शास्त्रीय नृत्य की गरिमा और भाव-अभिव्यक्ति को प्रभावी ढंग से सामने रखा।

# प्रीमियम शराब दुकानों पर 1 अक्टूबर से कैशलेस व्यवस्था अनिवार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिले के सहदेव नगर और मोहारा रोड स्थित प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानों को आगामी 1 अक्टूबर 2026 से शत-प्रतिशत कैशलेस करने का फरमान जारी किया गया है। निगम के इस आदेश के तहत काउंटर पर नकदी स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन इसे पारदर्शिता और डिजिटल इंडिया की दिशा में उठाया गया कदम बता रहा है, लेकिन कानूनी विशेषज्ञों, उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के बीच इस फैसले की वैधानिकता को लेकर तीखी बहस शुरू हो गई है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या राज्य सरकार या उसका कोई उपक्रम किसी भी उपभोक्ता को नकद लेनदेन से पूरी तरह वंचित कर सकता है?

**क्या कहता है देश का कानून? लीगल टेंडर और आरबीआई एक्ट :** भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 26(2) के तहत भारत में जारी प्रत्येक बैंक नोट देश भर में किसी भी देय राशि के भुगतान के लिए 'लीगल टेंडर' (कानूनी रूप से वैध मुद्रा) है।

देश के सामान्य वित्तीय नियमों के मुताबिक, किसी भी वैध नागरिक लेनदेन में वैध मुद्रा (भारतीय नोट/सिक्के) लेने से इनकार नहीं किया जा सकता, बशर्ते वह कानून द्वारा तय सीमा (जैसे आयकर अधिनियम की धारा 269स्त्र) के दायरे में हो।

सिक्का अधिनियम, 2011 इसके तहत भी निर्धारित मूल्यवर्ग तक के सिक्के किसी भी नागरिक भुगतान के लिए बाध्यकारी होते हैं।

कानूनी जानकारों का मानना है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना और उसे एक 'विकल्प' बनाना नीतिगत निर्णय हो सकता है, लेकिन नकद भुगतान पर 'पूर्ण प्रतिबंध' लगाना केंद्रीय मौद्रिक कानून के मूल सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होता है।

**राज्य सरकार का आबकारी एकाधिकार बनाम नियम बनाने की शक्ति :** शराब के व्यापार पर संविधान की सातवीं अनुसूची (राज्य सूची) के तहत राज्य सरकार को पूर्ण नियंत्रण और एकाधिकार प्राप्त है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई ऐतिहासिक मामलों में स्पष्ट किया है कि शराब का व्यापार करना नागरिक का 'मौलिक अधिकार' नहीं है, बल्कि यह राज्य द्वारा दिया जाने वाला विशेषाधिकार है।

इस आधार पर निगम बिक्री की प्रक्रिया और शर्तें तय करने का अधिकार जताता है। हालांकि, विधिक जानकारों के अनुसार राज्य शराब नीति की शर्तें तय कर सकता है, लेकिन यह शर्तें केंद्रीय कानूनों का सीधे तौर पर उल्लंघन नहीं कर सकतीं।

कानून विशेषज्ञों का मानना है 'शर्तें तय करने' और 'देश की वैध मुद्रा को प्रतिबंधित करने' में कानूनी अंतर है।

**उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत स्थिति :** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 2(47) के अंतर्गत अनुचित व्यापार व्यवहार और धारा 2(41) के तहत 'प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार' को परिभाषित किया गया है। यदि कोई भी विक्रेता बिना किसी संसदीय या वैधानिक कानून के उपभोक्ता पर भुगतान के केवल एक ही साधन को थोपता है, तो इसे उपभोक्ता की पसंद को सीमित करने वाला कदम माना जा सकता है। कई उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट फोन, सक्रिय डिजिटल बैंकिंग या नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं होती। इसके अलावा तकनीकी खामी (सर्वर डाउन या मशीन फेलियर) की स्थिति में नागरिक को सामान न देना सेवा में कमी की श्रेणी में आता है।

**जमीनी दिक्कतें- सर्वर फेल हुआ तो क्या शराब की बिक्री ठप होगी:** व्यावहारिक धरातल पर इस आदेश से कई व्यावहारिक समस्याएं खड़ी होना तय है। शराब दुकानों पर अक्सर भीड़ होती है। पीओएस मशीन का सर्वर डाउन होने, यूपीआई नेटवर्क फेल होने या सिम कनेक्टिविटी न मिलने पर बिक्री पूरी तरह ठप हो जाएगी।

## एक नजर

### पहले दुनिया देखो फिर कदम बढ़ाओ: मुनि समयप्रभ जी



**राजनांदगाव 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य समयप्रभ सागर जी ने कहा कि पहले दुनिया देख लो फिर आगे कदम बढ़ाओ। दुनिया को जाने बिना कदम बढ़ाने से आप धोखा ही खाओगे। उन्होंने कहा कि झूठ बोलोगे तभी तो झूठ पकड़ा जाएगा। इसी तरह दुनिया को जानने के लिए अध्ययन जरूरी है। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने फरमाया कि दुनिया को जानने के लिए आपको बुढ़ापे से मित्रता करनी होगी, बच्चों जैसा जिज्ञासु बनना होगा और युवाओं जैसे कर्मशील होना होगा। वेदों का ज्ञाता मृत्यु से भय नहीं खाता। अगर आपकी मृत्यु से मित्रता होगी तो आपको कोई भय नहीं रहेगा। मुनि श्री ने आगे फरमाया कि पेड़ की शाखाएं यदि टूट जाती है तो वह पेड़ केवल ठूँठ बनकर रह जाता है। इसी तरह परिवार से बच्चे चले गए तो वह परिवार टूट जाता है। वेद का अर्थ है जानना, वेद का अर्थ है ज्ञान। उन्होंने कहा कि जब तक हम आत्मस्पर्श करना नहीं सीखेंगे तब तक हमें किसी भी चीज का अनुभव नहीं होगा और हमें उसे संबंध में ज्ञान नहीं मिल पायेगा। हम किसी के बारे में नहीं जान सकेंगे इसलिए आत्मस्पर्श जरूरी है। यदि हमने आत्मस्पर्श करना सीख लिया तो फिर पुण्य हमारे हाथ में है।

### सेवा संकल्प अभियान : वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन




**बलौदाबाजार,18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को जिला अस्पताल बलौदाबाजार और सिविल अस्पताल भाटापारा में रक्तदान शिविर आयोजित की गई। शिविर में 94 यूनिट रक्त की प्राप्ति दानदाताओं से हुई है। इसमें 51 यूनिट भाटापारा और 43 यूनिट बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जिला अस्पताल बलौदाबाजार मे आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदान कर रहे युवाओं को गुलाब फूल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और जनकल्याण के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है इसीलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। रक्तदान शिविर मे जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पवन सहु ने जिला अस्पताल में स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रोत्साहित किया। उक्त रक्त का उपयोग दुर्घटना में घायलों, सिकल सेल और प्रसव जैसी आवश्यक चिकित्सा जरूरतों में किया जाएगा । अशोक जैन,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ,पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यदु, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,जिला अध्यक्ष आनंद यादव,प्रणम्य पाण्डेय,सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी,सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने बदली दिव्यांग परस कमार की जिंदगी

**बलौदाबाजार, 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार के निवासी परस कमार विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय से संबंध रखते हैं। उनका जीवन संघर्ष, अभाव और कठिनाइयों से भरा रहा है। परस कमार पैर से दिव्यांग हैं, जिसके कारण रोजमर्रा के छोटे-छोटे कार्य भी उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं थे। पीएम जनमन योजना के तहत पक्का घर बन जाने से अब उनके जिंदगी मे काफ़ी बदलाव आया है। बचपन में ही पिता का साया सिर से उठ गया और उनकी माताजी भी अति वृद्ध हैं, जो उम्र और कमजोरी के कारण स्वयं सहारे की मोहताज हैं।आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि वर्षों तक वे एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में छत से टपकता पानी, ठंडी रातों में टूटती दीवारों से आती हवा, और गर्मी के मौसम में तपता हुआ घर यही उनकी जिंदगी की सच्चाई थी। हर मौसम उनके लिए एक नई परीक्षा लेकर आता था।

# सेवा, परिश्रम और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की यात्रा : धरमलाल कौशिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 सितंबर।** राजनांदगांव जिले में 17 सितम्बर की शाम सेवा, समर्पण और संकल्प की रोशनी से जगमगा उठी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत 1 लाख से अधिक आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर जिले के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को दीपों की रोशनी के माध्यम से अभिव्यक्त किया। राजनांदगांव शहर के ऐतिहासिक रानी सागर, बूढ़ा सागर एवं शीतला मंदिर परिसर में जिला स्तरीय आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक श्री धरम लाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एक लाख से अधिक दीयों से सजी आकर्षक रंगोली और दीपों की कतारों ने पूरे परिसर को मनोहारी स्वरूप प्रदान किया। दीपों की जगमगाहट से रानी सागर, बूढ़ा सागर एवं शीतला मंदिर परिसर का वातावरण श्रद्धा, उल्लास और उत्साह से भर उठा।

विधायक श्री धरम लाल कौशिक ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के शिल्पी और निर्माण के प्रतीक हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 25 वर्षों में देश के विकास और निर्माण को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन की संवैधानिक जिम्मेदारी संभाली और 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में उनकी 25 वर्षों की सेवा यात्रा निरंतर जनसेवा, परिश्रम और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद का दीया अंधकार को दूर कर प्रकाश और ऊर्जा का संदेश देता है। इसी भाव के साथ यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन, डिजिटल तकनीक, बुनियादी अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक कार्य हुए हैं।

विधायक श्री कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक भूमिका निरंतर मजबूत हुई है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ी है। कोविड-19 के दौरान भारत द्वारा अनेक देशों को दवाइयों एवं चिकित्सा उपकरणों की सहायता उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर शांति, सहयोग और विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्री कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं और भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को अपने स्तर पर योगदान देना होगा। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनांदगांव में बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित कर सेवा और संकल्प का संदेश दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु, यशस्वी एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उपस्थित नागरिकों को शुभकामनाएं दी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि आज 17 सितम्बर का दिन भगवान विश्वकर्मा जयंती के साथ देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के रूप में भी विशेष है। इस अवसर पर राजनांदगांव शहर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों से लेकर रानी सागर, बूढ़ा सागर, माता शीतला मंदिर परिसर और दिग्विजय महाविद्यालय तक लगभग एक लाख दीप प्रज्वलित कर नगरवासियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद दिया है।

### ओजोन दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ओजोन के महत्व पर प्रकाश डाला



**रायपुर 18 सितंबर।** अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी श्री प्रकाश कुमार राबड़े के निर्देशन में क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा श्रीराम शर्मा (मिंटू) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डूमरतराई में विद्यार्थियों के लिए तत्काल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने ओजोन परत का महत्व, ओजोन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। तत्काल भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति क्षमता, विषय की समझ और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री आर. एन. त्रिवेदी, इको क्लब प्रभारी श्रीमती रीना अतुल सिंह, मंच संचालन डॉ. रितु श्रीवास्तव तथा सहयोगी श्रीमती अर्चना उपाध्याय एवं श्री प्रदीप चौहान सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओजोन परत एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ तत्काल सोचने, विषय को समझने और प्रभावी ढंग से अपनी बात रखने की क्षमता विकसित करना रहा।

### विश्वकर्मा जयंती टाकाघर में प्रतिमा स्थापना एवं पूजा अर्चना कर मनाई



**राजनांदगांव 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले सहित पार्षदों एवं अधिकारियो व कर्मचारियो ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका,लोककर्म विभाग, डाटा सेन्टर में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने भी विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी। बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकि विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म,जल,विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

# सीजीपीएससी में कथित गड़बड़ी को लेकर जिला कांग्रेस ने उठाई आवाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदा बाजार 18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार द्वारा आज जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सु .श्री सुमित्रा घृतलहरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रेस वार्ता को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा तथा मीडिया संचार विभाग के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितीन त्रिवेदी ने संबोधित किया।

श्रीशर्मा ने कहा कि सीजीपीएससी परीक्षा में समान उत्तर लिखने वाले अभ्यर्थियों को अलग-अलग अंक दिए जाने का मामला सामने आया है, जो मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंटरव्यू में निर्धारित 1:3 अनुपात का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 265 पदों के लिए नियमानुसार 795 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू हेतु बुलाया जाना चाहिए था, लेकिन केवल 608 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। इस कारण 187 अभ्यर्थी इंटरव्यू के अवसर से कथित रूप से वंचित रह गए। कांग्रेस ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मीडिया संचार विभाग के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितीन त्रिवेदी ने कहा कि मूल्यांकनकर्ताओं के नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक होना परीक्षा की गोपनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों युवा कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते



हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की अनियमितता उनके भविष्य और व्यवस्था के प्रति विश्वास को प्रभावित करती है। पत्रकारों द्वारा पूर्व कांग्रेस शासनकाल में हुई पीएससी अनियमितताओं को लेकर सवाल पूछे जाने पर सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि पूर्व मामलों में जांच कर दोषियों को सजा दी गई है, तो भाजपा सरकार को वर्तमान कथित अनियमितताओं की भी निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार दोषियों के चेहरे उजागर करेगी और उन्हें कानून के अनुसार सजा दिलाएगी? जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरें ने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े इस गंभीर विषय पर कांग्रेस पार्टी लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने सरकार से परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की। प्रेस वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, जिला कांग्रेस महामंत्री लखेश साहू, राम कुमार साहू, जितेंद्र नवरत्न, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, मोतीलाल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, जय सिंह ठाकुर सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### दिया जलाने से नहीं, महंगाई घटाने से साबित होगी राष्ट्रभक्ति'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**बलौदा बाजार 18 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा संकल्प कार्यक्रम को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से कम तेल खाने की अपील की थी और इसे राष्ट्रहित बताया था। आज उन्हीं के जन्मदिन पर गांव-गांव प्रशासन के माध्यम से मुनादी कराकर लोगों से दिए जलवाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि लाखों लीटर तेल खर्च कर दिया जलाना कौन सी देशभक्ति है?

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि मोदी के 25 वर्षों की सेवा और समर्पण के नाम पर आयोजन करना जनता के साथ क्रूर मजाक है। भाजपा को सेवा संकल्प दिवस के बजाय बेरोजगारी, महंगाई, वादाखिलाफी और किसान धोखा दिवस मनाना चाहिए। भाटापारा विधायक इंद्र साव ने महंगाई, बेरोजगारी और अधूरे चुनावी वादों को लेकर सरकार को घेरा। वहीं जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने किसानों की आय, एमएसपी, पेपर लीक, बेरोजगारी और श्रमिकों के अधिकारों के मुद्दे उठाए। और आगे कहा कि देशभक्ति उत्सव और प्रचार से नहीं, बल्कि जनता को महंगाई से राहत, युवाओं को रोजगार और किसानों को उचित मूल्य देने से सिद्ध होती है। उक्त अवसर पर महामंत्री लखेश साहू, राम कुमार साहू, जितेंद्र नवरत्न, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू नोक राम ध्रुव सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत पुलिस कार्यालय एवं समस्त थाना-चौकियों में जगमगाए साइबर जागरूकता के दीये

**बलौदाबाजार 18 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में साइबर क्राइम मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प के तहत संचालित प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' (15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत आज दिनांक 17.09.2026 को जिला पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार सहित जिले के समस्त थानों एवं चौकियों में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भावपूर्ण आयोजन किया गया। रंगोली व दीया जलाकर दिया गया जागरूकता का संदेश :- कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार एवं सभी थाना-चौकी परिसरों में आकर्षक एवं संदेशप्रद साइबर जागृति रंगोली बनाई गई। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर डिजिटल सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि जिस प्रकार एक दीपक अंधकार को दूर कर उजाला फैलाता है, ठीक उसी प्रकार हमारी सतर्कता और जागरूकता हमें और हमारे परिवार को साइबर ठगी के अज्ञानतारूपी अंधकार से सुरक्षित रख सकती है। साइबर सुरक्षा के प्रमुख बिंदु एवं सावधानियां :- 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के माध्यम से बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल जीवन हेतु निम्नलिखित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए: त्वरित सहायता हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 :- बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस समस्त नागरिकों से अपील करती है कि 'साइबर सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी' है। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी या ऑनलाइन ठगी होने पर बिना समय गंवाए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या आधिकारिक पोर्टल cyber-crime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।




# कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में आयोजित शिविर में 18 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**लाल बहादुर नगर18 सितंबर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 18 रक्तवीरों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में अपना योगदान दिया।रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में आरोहनेक्स्ट फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विशेष रूप से छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान में सहभागिता निभाई और समाज को यह संदेश दिया कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है।




कार्यक्रम में *मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री वीरेंद्र सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राओं एवं आयोजन से जुड़े सभी लोगों की सराहना की।

वीरेंद्र सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस देशभर में अलग-अलग सेवा गतिविधियों के माध्यम से मनाया जा रहा है। लाल बहादुर नगर के महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रक्तदान करना प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को सार्थक बनाने वाला नेक कार्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवन बचाने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव आज विश्व पटल पर दिखाई देता है और देश उनके नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। युवाओं की ऐसी सामाजिक सहभागिता देश के लिए सकारात्मक संदेश है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने भी रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन किया।मनोज कांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना।

उत्साहजनक हैछात्र-छात्राओं ने रक्तदान कर यह साबित किया है कि युवा वर्ग सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक है। उन्होंने कहा कि जन्म दिवस को केवल उत्सव के रूप में मनाने के बजाय सेवा कार्य से जोड़ना समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा गेडाम ने कहा कि रक्तदान जैसे कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों में निरंतर सहभागिता करनी चाहिए। महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ऊषा सिन्हा ने कहा कि रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। छात्राओं की सहभागिता विशेष रूप से प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंद के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य आर.के. ठाकुर ने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए सभी सहयोगियों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करते हैं।कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया गया तथा रक्तदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में 18 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। आयोजन में भाजपा जिला प्रवक्ता देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता खोरबाहरा सिन्हा,जमुना साहू, संगीता साहू, जगदीश सोनी, ब्लड बैंक संस्थान से जुड़े प्रतिनिधि सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

गणेशोत्सव


श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति, एसबीआई कालोनी फाफाडीह


पदमशाली गणेश समिति, बूढ़ेश्वर चौक


श्री गौरा-गौरी गणेशोत्सव समिति, तेलीबांधा


जय सतनाम गणेशोत्सव समिति, सतनाम भवन तेलीबांधा


मोती बाग शिव गणेश उत्सव समिति

## एक नजर

### देवेन्द्र नगर में 21 सितम्बर से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

**रायपुर, 18 सितंबर।** राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित कृषि उपज मंडी ग्राउंड में आगामी 21 से 27 सितंबर 2026 तक सात दिवसीय भव्य श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का विराट एवं गरिमामयी आयोजन होने जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर 21 सितंबर (सोमवार) को प्रात: 10:00 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्रख्यात भागवताचार्य एवं युवा आध्यात्मिक वक्ता पूज्य इन्द्रेश महाराज अपने पावन मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का अमृत रसपान कराएंगे। आयोजन समिति के मुख्य सेवादार गुंजन प्रजापति ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर 21 सितंबर को प्रात: 10:00 बजे राम जानकी मंदिर (कृषि उपज मंडी के सामने, देवेंद्र नगर) से भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे एवं संकीर्तन के साथ प्रारंभ होगी। यह मंगल कलश यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल (मंडी ग्राउंड, देवेंद्र नगर) पहुंचेगी।

### वित्तीय भार सीधे व्यापारियों पर डालना अनुचित: थौरानी

**रायपुर, 18 सितम्बर।** हाल ही में यूपीआई लेन-देन शुल्क पर आए आधिकारिक बयान पर छत्तीसगढ़



चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि जहाँ एक ओर उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल लेन-देन शून्य शुल्क पर रखा गया है, वहीं दूसरी ओर 2, 000 से अधिक के ट्रांजेक्शन पर लगने वाला एमडीआर शुल्क सीधे व्यापारियों के खाते में डाला जा रहा है। थौरानी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में खुदरा और थोक व्यापार बेहद सीमित लाभ मार्जिन पर काम कर रहा है। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने में देश के व्यापारी वर्ग ने अग्रणी भूमिका निभाई है, ऐसे में 0.4% शुल्क या 300 तक की कैपिंग सीधे तौर पर व्यापारियों की जेब पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार है। एक तरफडिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने की बात होती है, वहीं दूसरी ओर इसका संचालन खर्च व्यापारियों पर लाद दिया जाता है।

### शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 1 अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा

**रायपुर, 18 सितंबर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में दिनांक 19, 20, 21, 22, 23, 24 एवं 25 सितम्बर 2026 को तथा गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में दिनांक 21, 22, 23, 24, 25, 26 एवं 27 सितम्बर 2026 को उपलब्ध रहेगी 7 इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### एलजीई इंडिया को किया गया सम्मानित

**रायपुर, 18 सितंबर।** बेंगलुरु में आयोजित 25वें एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस अवार्ड्स 2026 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जो एक पीपल-फर्स्ट और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लीडरशिप डेवलपमेंट, ऑर्गेनाइजेशनल कैपेबिलिटी, वर्कप्लेस कल्चर, एम्प्लॉयी एक्सपीरियंस और टैलेंट डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपनी पहलों के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज के रूप में मान्यता दी गई है। इस पुरस्कार के साथ ही, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के चीफह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर (सीएचओ), ज्वा नाम किम को एचआर ट्रांसफॉर्मेशन को आगे बढ़ाने और बिजनेस ग्रोथ में कर्मचारियों को एक रणनीतिक आधार के रूप में स्थापित करने में उनके नेतृत्व के लिए मोस्ट इम्पैक्टफुल एचआर लीडर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

### गौवंश की सुरक्षा के लिए निगम को 25 लाख स्वीकृत



**रायपुर, 18 सितंबर।** रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने नगर निगम के जोन कमांक 9 अंतर्गत फुण्डहर गौधाम में गौवंश की सुरक्षा रखरखाव और शेड के शीघ्र निर्माण हेतु 25 लाख का स्वेच्छानुदान स्वीकृत किया है। मंत्री ने महापौर मीनल चौबे की मांग पर यह राशि स्वीकृत की। महापौर ने प्रभारी मंत्री को नगर निगम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों महापौर मीनल चौबे ने पार्षदों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 9 अंतर्गत फुण्डहर गौधाम अचानक पहुंचकर वहां की व्यवस्था निरीक्षण किया था। अव्यवस्था को दूर कर गौवंश की सुरक्षा रखरखाव और आवश्यक प्रबंधन तत्काल अस्थायी रूप से करवाने के कड़े निर्देश महापौर ने संबंधित अधिकारियों को दिये थे।

# आइए, महराजबांध तालाब में कचरा फेंकें



**रायपुर, 18 सितम्बर।** ये है राजधानी का ऐतिहासिक महराजबांध तालाब। कहते हैं कि इस तालाब का आकार पहले और ज्यादा बड़ा था। पानी कांच की तरह साफ था। तब लोग इस तालाब के पानी को पीते भी थे। तालाब के किनारे स्थित ऐतिहासिक दूधाधारी मठ व मंदिर महराजबांध तालाब के अच्छे व खराब दिनों का मूक गवाह है। तालाब का आकार सिमट गया है। इसके सीने पर अवैध कब्जे हो गए हैं। एक हिस्से को पाटकर सड़क बना दी गई है। पानी में प्रदूषण का जहर मिला दिया गया है।

तस्वीर में साफ नजर आ रहा है कि तालाब में कचरे डाले जा रहे हैं। रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है। तालाब का पानी अब हरा हो गया है। सच कहें तो यह नहाने लायक भी नहीं है। जलकुंभी हटाने के बाद कूड़ा-करकट का कब्जा हो गया है। राजधानी का कोई तालाब ऐसा नहीं है जहां अतिक्रमण नहीं हुआ हो। सभी तालाब के पानी प्रदूषित हैं। तालाब नहीं हुआ मुक्कड़ हो गया है। कैमरे सड़कों पर नहीं तालाबों में लगाने की जरूरत है ताकि कचरा फेंकने वालों की पहचान हो जाए। निस्तारी के उपयोग व भू-जल स्रोत बढ़ाने वाले इन सरोवरों को बचाने की जरूरत है। तालाबों की सौंदर्यीकरण कर साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाए तो आज भी पानी कांच की तरह साफ हो जाएगा।

# साय सरकार के चौथे बजट की तैयारी शुरू

**रायपुर, 18 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार के चौथे बजट यानी वित्तीय वर्ष 2027-28 के बजट की तैयारी तेज हो गई है। वित्त विभाग ने नए बजट को लेकर सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर बजट प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बजट की प्रक्रिया 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी, जबकि विभागों को अपने प्रस्ताव 20 नवंबर 2026 तक अंतिम रूप से जमा करने होंगे। वित्त विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बजट प्रस्तावों की समीक्षा के बाद 1 से 17 दिसंबर 2026 तक वित्त सचिव की विभागीय सचिवों के साथ चर्चा होगी। इसके बाद 4 से 18 जनवरी 2027 तक वित्त मंत्री की अन्य विभागीय मंत्रियों के साथ चर्चा होगी। इसी दौरान नवीन मदों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार और मंजूरी की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

**आदिवासी और अनुसूचित जाति क्षेत्र के प्रस्तावों के लिए विशेष निर्देश :** वित्त सचिव ने विभागों को निर्देश दिए हैं कि आदिवासी क्षेत्र उपयोजना तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना से संबंधित बजट प्रस्ताव आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के वित्तीय सलाहकार प्रकोष्ठ को भेजे जाएं। वित्त विभाग ने नवीन व्यय से जुड़े प्रस्तावों को सूक्ष्म परीक्षण के बाद बजट में शामिल कराने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2027-28 के बजट में अपरीक्षित व्यय की नई मदों की तुलना में परीक्षित मदों के प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**बिना परीक्षण वाले नए प्रस्तावों पर मंत्री स्तर पर होगा विचार:** वित्त विभाग के पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अपरीक्षित नवीन मदों के प्रस्तावों पर केवल मंत्री-स्तरीय चर्चा के दौरान ही विचार किया जाएगा। यानी विभागों को बजट प्रस्ताव तैयार करते समय वित्तीय परीक्षण और आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता देनी होगी।

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं का बनेगा समेकित प्रस्ताव:** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मांग संख्या के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए समेकित बजट प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग संबंधित विभागों के साथ चर्चा करेगा और प्रस्ताव तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में वित्त विभाग को सौंपेगा।

**केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए बजट शीर्ष खोलने के निर्देश**

वित्त विभाग ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। संबंधित विभागों को केंद्रीय विभागों से संपर्क कर SNA-SPARSH मॉडल के माध्यम से संचालित योजनाओं के लिए उचित बजट शीर्ष खोलने को कहा गया है। इसका उद्देश्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं का समय-सीमा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और योजनाओं के लिए स्वीकृत राशि की विमुक्ति में किसी तरह की बाधा को रोकना है।

## मोदी के जन्मदिन पर जनता के धन का अपव्यय: बैज

**रायपुर, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर दीप



प्रज्ज्वलन कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश में करीब 40 लाख दीये जलाने की तैयारी है, जिसमें अकेले रायपुर में करीब 25 लाख दीयों का कार्यक्रम करने का दावा किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सवाल किया है कि जब देश और प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही है, तब प्रधानमंत्री के जन्मदिन के नाम पर लाखों दीयों में तेल जलाकर सरकारी तंत्र और संसाधनों का प्रदर्शन क्यों किया गया? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह सवाल किसी के जन्मदिन मनाने का विरोध नहीं है। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री के राजनीतिक कार्यक्रम को सरकारी आयोजन का रूप देकर जनता के संसाधनों का इस्तेमाल किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार बताए कि आयोजन पर कितना पैसा खर्च हुआ? 40 लाख दीयों की खरीद किसने की? दीयों में इस्तेमाल होने वाले तेल की व्यवस्था किसने की? बाती, परिवहन, सजावट, मंच, बिजली और अन्य व्यवस्थाओं पर कितना खर्च हुआ? इस पूरे आयोजन का कुल बजट कितना है? इसका भुगतान किस मद से किया जा रहा है?

### भारत में लॉन्च हुई नई बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज रेंज

**रायपुर, 18 सितंबर।** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने देश में लंबे समय से इंतज़ार की जा रही नई बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज़ रेंज लॉन्च की। इसके साथ, बीएमडब्ल्यू की यह फ्लैगशिप सेडान पेट्रोल और ऑल-इलेक्ट्रिक पावरट्रेन में उपलब्ध है। ऑल-इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस मॉडल, बीएमडब्ल्यू आई7 एम70 भी भारत में ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी, जो इसे अब तक की सबसे पावरफुल बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज़ बनाती है। हरदीप सिंह ब्रार, प्रेसिडेंट एवं सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, नई बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज़ हमारी फ्लैगशिप सेडान से कहीं बढ़कर है – यह बीएमडब्ल्यू की आधुनिक लग्ज़री की संपूर्ण अभिव्यक्ति है। आज के दौर में भारत के समझदार ग्राहकों के लिए, लग्ज़री बेहद व्यक्तिगत होती है। उनकी इसी सोच को ध्यान में रखते हुए यह नई रेंज उन्हें एक विशेष पहचान के साथ आत्मविश्वास देती है, खूबसूरत और शांत स्पेस का अहसास कराती है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य व सेवा का लाभ पहुंचाना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य: अंजय शुक्ला

**रायपुर, 30 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितम्बर को राजधानी रायपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में छत्तीसगढ आदिवासी] स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) अंजय शुक्ला द्वारा विविध जनसेवा और सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी की गयी।

'सेवा संकल्प अभियान' अभियान के अंतर्गत धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोढ़ी में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन छत्तीसगढ आदिवासी] स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) अंजय शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने इस सेवा पहल का लाभ उठाया। इसी क्रम में, नवा रायपुर स्थित सत्य साई संजीवनी अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अस्पताल में निःशुल्क हृदय रोग इलाज का लाभ पाकर स्वस्थ हुए बच्चों और उनके अभिभावकों ने एक साथ एकत्र होकर प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित किया। इस भावुक एवं प्रेरणादायी अवसर पर छत्तीसगढ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) अंजय शुक्ला, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चंदन कुमार तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी अभिषेक धनगर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वस्थ हुए बच्चों को दुलारा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# यूपीआई पर टैरिफ लगाने के विरोध में कांग्रेस ने बांटा लॉलीपाप

रायपुर, 18 सितंबर। पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए तंज कसा और कहा कि आपने देश के किसानों, व्यापारियों, जवानों, छात्रों, महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों को लॉलीपॉप देने का काम पिछले 12 वर्षों से करते आये हैं। आज विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने लॉलीपॉप बांट कर बीजेपी को आइना दिखाया। मोदी आपके कार्यकाल में ही नोटबंदी हुआ जिससे देश को क्या लाभ हुआ जनता आज तक जानना चाहती है। जीएसटी जैसी योजना लाकर आपने देश में जनता से सीधे-सीधे कर वसूली करना शुरू किया। जिससे आज देश के अधिकांश परिवार आर्थिक व्यवस्था से प्रभावित होकर डगमगा गये हैं उनके परिवार पर आपने आर्थिक बोझ डाल दिया है। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने यूपीआई के माध्यम से होने वाले कुछ बड़े व्यापारी लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू किए जाने को लेकर केंद्र सरकार से पुनर्विचार की मांग की है।



# मोदी के जन्मदिवस पर हवन-पूजन



**रायपुर, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के राम मन्दिर के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी द्वारा मंदिर में विशेष हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित हुए और विधि-विधान के साथ हवन-पूजन में सहभागिता निभाई। हवन-पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के दीर्घायु और, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। साथ ही देश एवं प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए भी प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि जन्मदिवस किसी भी व्यक्ति के जीवन में विशेष अवसर होता है।

### आशीर्वाद का दीया



**रायपुर, 18 सितम्बर।** सत्य साई हॉस्पिटल में जिन बच्चों के ऑपरेशन हुए हैं उन बच्चों तथा उनके अभिभावकों के साथ पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री अंजय शुक्ला, प्रदेश पदाधिकारी अभिषेक धनगर ने आशीर्वाद का दीया जलाया।

# विधायक सोनी श्रमिक महासम्मेलन में शामिल हुए

**रायपुर, 18 सितम्बर।** विधायक सुनील सोनी श्रमिक महासम्मेलन में शामिल हुए। प्रदेश के 1 लाख 43 हजार से अधिक श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 51 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की गई तथा डिजिटल श्रमिक कार्ड का शुभारंभ हुआ। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विशेष दीपोत्सव में शामिल होकर दीप प्रज्वलित किया तथा प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद लक्ष्मी वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# गरिमा नरवाल बनीं मिसेज रायपुर

**रायपुर, 18 सितम्बर।** एटी ज्वैलर्स कोतवाली द्वारा आयोजित मिसेज रायपुर 2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले 12 सितंबर को प्रतिष्ठा द बैंक्वेट, रायपुर में उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। शहर की विभिन्न सोसाइटीज में आयोजित फैशन शो एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों ने ग्रैंड फिनाले में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मंचीय प्रस्तुति का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ममता साहू, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग उपस्थित रहीं। वहीं अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स के डायरेक्टर निकेश बरडिया ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रतियोगिता के शानदार मुकाबले के बाद निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए गए। प्रथम पुरस्कार – गरिमा नरवाल, द्वितीय पुरस्कार – स्नेहा अग्रवाल, तृतीय पुरस्कार – श्रीलक्ष्मी सिंह विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।



### छह महीने वेंटिलेटर पर रहे मरीज को मुंबई के डॉक्टरों ने दिया नया जीवन

**रायपुर, 18 सितम्बर।** वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई सेंट्रल में न्यूरो-रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में एक चुनौतीपूर्ण मामले में गंभीर सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड इंजरी के बाद करीब छह महीने तक वेंटिलेटर पर निर्भर रहे 38 वर्षीय मरीज को स्वतंत्र रूप से सांस लेने में सक्षम बनाया गया। हैदराबाद निवासी मरीज एक गंभीर हादसे के बाद गर्दन की रीढ़ की हड्डी में चोट के कारण गर्दन के नीचे लकवाग्रस्त हो गया था और उसकी स्वतंत्र रूप से सांस लेने की क्षमता भी प्रभावित हुई थी। हादसे के बाद मरीज को हैदराबाद के आईसीयू में करीब दो महीने तक लगातार वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के बावजूद वह लगभग छह महीने तक कृत्रिम श्वसन पर निर्भर रहा। इसके बाद परिवार ने आगे के उपचार की संभावनाओं के लिए वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई सेंट्रल के कंसल्टेंट फंक्शनल न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष बालदिया से संपर्क किया। विस्तृत जांच के दौरान वेंटिलेटर सपोर्ट कम करने पर मरीज के रक्त में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ता पाया गया, जिससे स्पष्ट हुआ कि वह अभी पर्याप्त रूप से स्वतंत्र सांस नहीं ले पा रहा था। इसके बाद डॉक्टरों ने फ्रेनिक नर्व स्टिम्युलेशन प्रक्रिया की। इस उन्नत तकनीक में सांस लेने के लिए जिम्मेदार फ्रेनिक नर्व को उत्तेजित कर डायाफ्राम की गतिविधि को सक्रिय करने का प्रयास किया जाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26